सुविचार
वीर कभी बड़े मौकों का इंतजार नहीं करते, छोटे मौकों को ही बड़ा बना देते हैं।

Daily
THE PHOTON NEWS
सच के हक में...
द फोटोन न्यूज Published from Ranchi

12
Rashmika Mandanna Hides Her Face...

Ranchi ● Saturday, 04 May 2024 ● Year : 02 ● Issue : 105 ● Ranchi Edition ● Page : 12 ● Price : ₹3 ● www.thephotonnews.com
E-Paper : epaper.thephotonnews.com

SHARE

सेंसेक्स	:	73,878.15
निफ्टी	:	22,475.85

SARAFA

सोना	:	6,735
चांदी	:	87.00

(नोट : सोना 22 कैरेट प्रति ग्राम)

चाईबासा में गरजे प्रधानमंत्री, कांग्रेस और झामुमो पर जमकर साधा निशाना
दिल्ली से कम नहीं झारखंड : मोदी

PHOTON NEWS CHAIBASA : शुक्रवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी दो दिवसीय दौरे पर चाईबासा पहुंचे। उन्होंने चाईबासा के टाटा कॉलेज मैदान में चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुए कांग्रेस और झामुमो पर जमकर निशाना साधा। मोदी ने कहा कि झारखंड क्रांतिकारियों की धरती है। कांग्रेस ने झारखंड का कभी सम्मान नहीं किया है। कांग्रेस को आदिवासी विरोधी करार देते हुए कहा कि इंडी गठबंधन ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू का विरोध किया था। साथ ही कहा कि मेरा झारखंड दिल्ली से कम है क्या। उन्होंने कहा कि आपका यह प्यार और आशीर्वाद ही मोदी की ताकत है। भाजपा और झारखंड का रिश्ता दिल का है। यहां के लोगों की भावनाओं को यदि कोई समझता और सुलझाता है तो वो सिर्फ और सिर्फ भाजपा ही है। झारखंड को अटल ने बनाया, भाजपा ने बनाया। कांग्रेस ने झारखंड का घोर विरोध किया। ये भाजपा की ताकत थी, अटल की दूरदृष्टि थी कि झारखंड बना।

रांची में रोड शो के दौरान लोगों का अभिवादन स्वीकार करते प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी।

वायनाड में हार रहे, रायबरेली में जगह खोज रहे शहजादे

BARDHAMAN : शुक्रवार को पश्चिम बंगाल में बर्द्धमान के तालित में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने चुनावी सभा में इंडी गठबंधन पर जमकर निशाना साधा। संबोधन के दौरान कई बार जनता से संवाद कर भावनात्मक रूप से जोड़ा। कहा कि शहजादे वायनाड में चुनाव हार रहे, रायबरेली में जगह खोज रहे। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता सलमान खुर्शीद की भतीजी सपा नेता मारिया आलम खां के वोट जेहाद की अपील पर प्रधानमंत्री ने कहा- ये लोग हताश हो चुके हैं। मोदी के खिलाफ वोट जेहाद की बात कर रहे। और तो और ये एससी-एसटी व ओबीसी का हक छीनकर मुस्लिमों को देना चाहते हैं।

14 मई को वाराणसी में नामांकन दाखिल करेंगे पीएम

VARANASHI : प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 14 मई को वाराणसी लोकसभा सीट से नामांकन करेंगे। नामांकन से पहले वे काशी विश्वनाथ और काल भैरव के दर्शन करेंगे। मोदी 13 मई को वाराणसी पहुंचेंगे और रोड शो करेंगे। वाराणसी में सातवें चरण में वोटिंग होनी है। पीएम सबसे पहले श्रीकाशी विश्वनाथ धाम में षोडशोपचार विधि से पूजन करेंगे, फिर कालभैरव में मंदिर जाकर विशेष पूजा करेंगे। भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री सुनील बंसल ने स्थानीय नेताओं के साथ पीएम मोदी के नामांकन को लेकर चर्चा की। पुरोहितों ने पीएम के पर्चा भरने के लिए 14 मई की तारीख को अच्छा बताया।

रांची में पीएम के रोड शो में उमड़ा जनसैलाब

- भगवान बिरसा की प्रतिमा पर किया माल्यार्पण
- राजधानी में 'अबकी बार 400 पार' की गूंज
- ढोल-नगाड़ों व लोकल डांस के साथ स्वागत

RANCHI : शुक्रवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने झारखंड की राजधानी रांची में रोड शो किया। पीएम मोदी ने भारत माता चौक हरमू से रोड शो की शुरूआत की। इससे पहले उन्होंने एयरपोर्ट से निकलने के बाद बिरसा चौक स्थित भगवान बिरसा की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। इसके बाद उनका काफिला आगे बढ़ा। काफिले में रांची लोकसभा के भाजपा प्रत्याशी संजय सेठ, भाजपा विधायक दल के नेता अमर कुमार बावरी ने खुली जीप में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का स्वागत किया। इसके बाद रोड शो की शुरूआत हुई। काफिला जैसे-जैसे अपने निर्धारित कार्यक्रम स्थल रातू रोड चौराहे के करीब पहुंच रहा था लोगों में काफी उत्साह देखने को मिला। इस दौरान लोगों ने अबकी बार 400 पार के नारे लगाए। वहीं, खुली जिप से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी लोगों को नमस्कार करते हुए जा रहे थे। साथ ही हाथ में कमल का निशान लिए थे, जो लोगों को दिखाते हुए और मुस्कुराते हुए मतदान की अपील कर रहे थे। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार रातू रोड चौराहे के पास स्वागत कार्यक्रम रखा गया था। जहां प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का स्वागत ढोल नगाड़े और लोकल डांस के साथ किया गया। इसके बाद प्रधानमंत्री का काफिला राजभवन की ओर बढ़ गया। बता दें कि रांची में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने तीसरी बार रोड शो किया। पहली बार साल 2019 में उन्होंने रोड शो किया था।

BRIEF NEWS

बंगाल गवर्नर के खिलाफ यौन उत्पीड़न की शिकायत

KOLKATA : पश्चिम बंगाल के राज्यपाल सीवी आनंद बोस पर राजभवन की महिला कर्मी ने यौन उत्पीड़न का आरोप लगाया है। उसने मामले को लेकर हरे स्ट्रीट थाने में लिखित शिकायत दी है। एजेंसी के मुताबिक, महिला का आरोप है कि वो 24 मार्च को स्थायी नौकरी का निवेदन लेकर राज्यपाल के पास गई थी। तब राज्यपाल ने बदसलूकी की। गुरुवार को फिर यही हुआ तो वह राजभवन के बाहर तैनात पुलिस अधिकारी के पास शिकायत लेकर गई। हालांकि, राज्यपाल ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर महिला के आरोपों का खंडन किया है। उन्होंने कहा, 'ये मुझे बदनाम करने की साजिश है। मेरे ऊपर बेबुनियाद आरोप लगाए गए हैं। सत्य की जीत होगी। उन्होंने आगे कहा कि मैं बनावटी नरेटिव से डरने वाला नहीं। कोई मुझे बदनाम करके चुनावी फायदा चाहता है, तो भगवान भला करे। मैं भ्रष्टाचार-हिंसा के खिलाफ लड़ाई नहीं रोक सकता।'

चतरा में एक दर्जन आईईडी बरामद, किए गए नष्ट

CHATRA : जिले के कुशमाहा जंगल से सुरक्षाबलों ने शुक्रवार को एक दर्जन आईईडी बरामद किया। बम निरोधक दस्ते की टीम ने बरामद आईईडी को मौके पर नष्ट कर दिया है। जानकारी के मुताबिक, चतरा जिले के प्रतापपुर थाना क्षेत्र स्थित कुशमाहा जंगल में सर्चिंग के दौरान सीआरपीएफ और जिला पुलिस की संयुक्त टीम ने डेढ़-डेढ़ किलो के एक दर्जन आईईडी बरामद किया, जिसे बीडीएस की टीम ने मौके पर नष्ट कर दिया। इलाके में सुरक्षाबलों का सर्च अभियान जारी है।

छत्तीसगढ़ में पुलिस और नक्सलियों के बीच मुठभेड़

SUKMA : छत्तीसगढ़ के सुकमा जिले में शुक्रवार सुबह पुलिस और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ हुई है। बताया जा रहा है कि जवान नक्सलियों के कोर इलाके में घुसे हैं। 2 से 3 बार रुक-रुक कर गोलीबारी हुई है। फिलहाल, मुठभेड़ खत्म हो गई है और सर्चिंग जारी है। सुकमा एसपी किरण चव्हाण ने मुठभेड़ की पुष्टि की है। जानकारी के मुताबिक, जवानों को सूचना मिली थी कि रायगुड़म इलाके में भारी संख्या में नक्सली मौजूद हैं। इसी सूचना के आधार पर डीआरजी और कोबरा बटालियन के जवानों को मौके के लिए रवाना किया गया था। जहां जवानों को आता देख नक्सलियों ने फायर खोल दिया। इसके बाद जवानों ने भी मोर्चा संभाला और नक्सलियों की गोलियों का जवाब दिया। दोनों तरफ से हुई गोलीबारी में जवानों को भारी पड़ता देख नक्सली जंगल की आड़ लेकर भाग निकले। पुलिस ने उनका पीछा किया और करीब 2 से 3 बार रुक-रुक कर गोलीबारी हुई।

जमशेदपुर से झामुमो प्रत्याशी समीर मोहंती ने किया नॉमिनेशन
मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन ने कहा- भाजपा परोसती है झूठ, हम जीतेंगे सभी 14 सीटें

- सीएम सहित गठबंधन के कई वरिष्ठ नेता रहे मौजूद
- महंगाई चरम सीमा पर है, लेकिन भाजपा चुप
- मजदूरों के हित के बारे में कभी नहीं सोचा

नामांकन दाखिल करते समीर कुमार मोहंती।

PHOTON NEWS JAMSHEDPUR : जमशेदपुर लोकसभा क्षेत्र से झारखंड मुक्ति मोर्चा के प्रत्याशी और बहरागोड़ा के विधायक समीर कुमार मोहंती ने शुक्रवार को नामांकन दाखिल कर दिया। जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह पूर्वी सिंहभूम के उपायुक्त अनन्य मित्तल को नामांकन पत्र सौंपते समय मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन, राज्यसभा सदस्य महुआ माजी, झामुमो के महासचिव सुप्रियो भट्टाचार्य, जिला अध्यक्ष व घाटशिला के विधायक रामदास सोरेन के अलावा झारखंड सरकार के स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता भी मौजूद थे। झामुमो की नामांकन रैली साकची के बोधि मंदिर मैदान से उपायुक्त कार्यालय तक गई। यहां पत्रकारों से बातचीत में मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन ने कहा कि भाजपा ने लोगो ने केवल ठगने और झूठ बोलने का काम किया हैं। महंगाई चरम सीमा पर है, लेकिन भाजपा चुप है। मजदूरों के हित के बारे में भाजपा ने कभी नहीं सोचा। जनता समझ चुकी है। इंडिया गठबंधन इस बार झारखंड की सभी 14 लोकसभा सीट से जीतेगी।

कल्पना ने गांडेय विस क्षेत्र में किया जनसंपर्क

GIRIDIH: गांडेय विधानसभा क्षेत्र उपचुनाव में झामुमो प्रत्याशी कल्पना सोरेन ने शुक्रवार को जनसंपर्क अभियान चलाया। मौके पर कल्पना सोरेन ने कहा कि 31 जनवरी को हेमंत सोरेन की गिरफ्तारी के बाद स्थिति काफी बदल गयी। पार्टी के कार्यकर्ता और नेता तनाव में थे कि आगे क्या होगा? कार्यकर्ताओं ने मुझसे आगे आने का आग्रह किया। नेता के प्रति उनका प्यार देखकर मैंने सोचा कि जब तक हेमंत वापस नहीं आ जाते तब तक इस कमी को पूरा करना मेरी नैतिक जिम्मेदारी है और मैं राजनीति में आयी। कल्पना ने कहा कि मैं हेमंत सोरेन से जेल में सप्ताह में एक बार मिलती हूं लेकिन वह एक मुलाकात मनोबल बढ़ाने और ताकत देने के लिए पर्याप्त है। यह चुनाव एक लड़ाई है। एक प्रतियोगिता है, जिसमें हमें झारखंड को विकास की राह पर आगे ले जाना है।

मौजूद रहीं सोनिया, खड़गे और प्रियंका
रायबरेली से राहुल गांधी ने दाखिल किया नामांकन

AGENCY RAEBARELI : लोकसभा चुनाव में यूपी की अमेठी और रायबरेली सीट पर काफी इंतजार के बाद आखिरकार कांग्रेस ने अपने उम्मीदवार घोषित कर दिए हैं। इसी कड़ी में रायबरेली लोकसभा सीट से कांग्रेस प्रत्याशी राहुल गांधी ने नामांकन पत्र भी दाखिल कर दिया है। इस मौके पर राहुल गांधी के साथ उनकी मां सोनिया गांधी, कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी भी मौजूद रहीं। बता दें, इस सीट से सोनिया गांधी पांच बार सांसद रह चुकी हैं। 2019 में उन्होंने साफ कर दिया था कि वही उनकी आखिरी चुनाव है। फिलहाल वो राज्यसभा सांसद हैं। गौरतलब है कि अमेठी और रायबरेली लोकसभा सीट को लेकर कांग्रेस ने अपने पत्ते नहीं खोल थे। बीजेपी समेत कई राजनीतिद दलों ने इन दोनों सीट से अपने प्रत्याशी के नाम की घोषणा पहले ही कर दी थी। नामांकन भी अधिकतर उम्मीदवारों ने कर दिया था। लेकिन, कांग्रेस की ओर से प्रत्याशी के नाम की घोषणा नहीं की गई थी।

हजारीबाग ले जाए जा रहे थे 7 पेटियों में सोना-चांदी के आभूषण
एसएसटी टीम ने पकड़े पांच करोड़ के जेवर, आईटी विभाग ने शुरू की जांच

CRIME REPORTER RANCHI : रामगढ़ और हजारीबाग की सीमा पर मांडू थाना के समीप बने चेकनाके पर एसएसटी टीम ने पांच करोड रुपए के सोने और चांदी के जेवर जब्त किए गए हैं। रामगढ़ डीसी चंदन कुमार ने बताया कि आयकर विभाग के अधिकारियों की टीम इस पूरे मामले की जांच कर रही है। जांच के बाद ही यह स्पष्ट हो पाएगा कि उसका प्रयोग चुनाव के दौरान होना था या नहीं। उसमें किसी प्रकार की इनकम टैक्स की चोरी तो नहीं की गई है। बताया जाता है कि रांची एयरपोर्ट से सात पेटियों में लगभग पांच करोड रुपए के सोने और चांदी के जेवर लेकर गार्ड आलोक सिंह, ड्राइवर सुमन और स्कॉटर वीरेंद्र हजारीबाग जा रहे थे।

आभूषणों की जांच करते आईटी विभाग के अधिकारी।

सीपीआई के नेशनल सेक्रेटरी अतुल कुमार अंजान का निधन

RANCHI : भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (सीपीआई) के नेशनल सेक्रेटरी अतुल कुमार अंजान का शुक्रवार सुबह निधन हो गया। 60 साल के अतुल ने लखनऊ के मेयो अस्पताल में आखिरी सांस ली। जानकारी के अनुसार, अतुल कुमार अंजान कैंसर से पीड़ित थे। पिछले एक महीने से लखनऊ के गोमतीनगर स्थित मेयो अस्पताल में मौत से जंग लड़ रहे थे। लेकिन वो यह जंग हार गये और इलाज के दौरान उनका निधन हो गया। अतुल कुमार अंजान के निधन पर राष्ट्रीय लोकदल के राष्ट्रीय अध्यक्ष जयंत सिंह ने शोक व्यक्त किया है।

हिंसा का एक साल : अभी तक दिखाई नहीं देते सामान्य हालात
मणिपुर में आज भी 250 राहत शिविरों में रह रहे हैं 58 हजार से अधिक लोग

- पिछले साल शुरू हुई इस जातीय हिंसा में अब तक मारे जा चुके हैं 200 से ज्यादा लोग
- पिछले एक साल में कुकी-जोमी इलाकों में नहीं जा पाए हैं राज्य के मुख्यमंत्री

AGENCY IMPHAL : 3 मई को मणिपुर में जारी जातीय हिंसा एक साल पूरा हो गया। इसके बावजूद राज्य में मैतेई और कुकी-जोमी जनजाति के बीच तनाव कम होने का नाम नहीं ले रहा है। कहीं भी सामान्य हालात नहीं दिखाई दे रहे हैं। पिछले साल 3 मई को शुरू हुई इस जातीय हिंसा में अब तक 200 से ज्यादा लोग मारे जा चुके है। आज भी 58 हजार से अधिक बेघर लोग राहत शिविरों में तकलीफों झेल रहे हैं। राज्य की कानून-व्यवस्था की स्थिति इतनी खराब है कि जेड सुरक्षा के साथ भी राज्य के मुख्यमंत्री पिछले एक साल में कुकी-जोमी इलाकों में जानमाल के नुकसान का जायजा लेने नहीं जा पाए है। यहां समाज बिखर चुके हैं। दफ्तर हों या अस्पताल, कहीं भी सरकारी सिस्टम नहीं बचा है। सरकार के सर्कुलर के बावजूद सरकारी दफ्तरों से कर्मचारी गायब हैं।

करीम सिटी कॉलेज में सत्यजित राय की स्मृति में व्याख्यान का आयोजन
किसी कलाकार के लिए पॉलिटिकली करेक्ट बने रहना चुनौती : चंदन

PHOTON NEWS JAMSHEDPUR : करीम सिटी कॉलेज के साकची स्थित कैंपस के ऑडिटोरियम में शुक्रवार को 'सत्यजित राय स्मृति व्याख्यान' का आयोजन किया गया। इसमें 'सत्यजित राय का अपूर्व संसार' नाम की पुस्तक का लोकार्पण किया गया। इसमें कुल 41 लेखकों के आलेख संग्रहित किए गए हैं ।

भारतीय सिनेमा में सत्यजित राय का बड़ा मुकाम : कार्यक्रम के दौरान बतौर मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद प्रसिद्ध कथाकार एवं वरिष्ठ साहित्यकार चंदन पांडेय ने कहा कि किसी भी कलाकार के लिए हमेशा पॉलिटिकल करेक्ट होना बेहद चुनौती पूर्ण कार्य है। उन्होंने कहा कि हमें ऐसा लगता है कि पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के निधन पर पूरे देश में जिस तरह से गांव-गांव में अस्थि कलश भेजा गया, वह पहली बार हुआ लेकिन नायक खड़ा करने के प्रयास अतीत में भी हुए हैं। हकीकत यह है कि महात्मा गांधी की हत्या के बाद तत्कालीन सरकार ने भी देश में पैदा हुई संवेदना को दिशा देने का प्रयास किया था। उन्होंने कहा कि कई बार हमें आगे बढ़ने के लिए इतिहास को एक धक्का देना पड़ता है। धक्के से पैदा हुई गति इतनी तेज होती है कि कई बार यह हमें कुचलकर आगे निकल सकती है लेकिन इसमें समन्वय बनाए रखना ही सबसे बड़ा कौशल होता है। 'सत्यजित राय का अपूर्व संसार' नाम से संपादित डॉ विजय शर्मा की पुस्तक का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि इसमें कई बहुत अच्छे और महत्वपूर्ण लेख हैं। उन्होंने कहा कि निश्चित रूप से सत्यजित राय भारतीय फि ल्म जगत की सबसे बड़ी शख्सियत रहे हैं। आज अलग-अलग भाषाओं में उन पर बहुत कुछ लिखा गया है लेकिन किसी भी फिल्मकार,साहित्यकार अथवा कलाकार का पुनर्मूल्यांकन निरंतर होते रहना चाहिए। इससे संबंधित व्यक्तित्व के अंदर छिपी अलग-अलग प्रतिभा का पता चलता है।

पुस्तक का विमोचन करतीं डॉ. नेहा तिवारी, डॉ. विजय शर्मा, डॉ. अशोक कुमार झा 'अविचल', प्रसिद्ध कथाकार चंदन पांडेय, डॉ. मो. रियाज, पूर्वी घोष व डॉ. क्षमा त्रिपाठी।

ऑनलाइन शामिल हुए आशीष

कार्यक्रम नई दिल्ली फिल्म फाउंडेशन के महासचिव आशीष कुमार सिंह ने ऑनलाइन हिस्सा लिया। सत्यजित राय पर बोलते हुए उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि सत्यजित राय की फिल्मों में सभी पात्रों को पर्याप्त महत्व दिया जाता रहा है। कई लोगों का ऐसा मानना है कि सत्यजित राय की फिल्मों के बगैर भारतीय सिनेमा की कल्पना अधूरी है। उनकी फिल्मों में इतिहास के अलग-अलग कालखंडों के दर्शन होते हैं।

झारखंड के जुड़ाव का जिक्र

कार्यक्रम में स्वागत भाषण करीम सिटी कॉलेज के प्राचार्य डॉ मोहम्मद रियाज ने दिया। उन्होंने सत्यजित राय की फिल्म पाथेर पांचाली और झारखंड के जुड़ाव का जिक्र किया। कार्यक्रम का संचालन करीम सिटी कॉलेज के जनसंचार विभाग की विभागाध्यक्ष एवं अंग्रेजी विभाग की वरिष्ठ सहायक प्राध्यापक डॉ नेहा तिवारी ने किया। कार्यक्रम के अंत में धन्यवाद ज्ञापन साहित्य कला फाउंडेशन की मुख्य ट्रस्टी डॉ. क्षमा त्रिपाठी ने किया।

मास कम्युनिकेशन विभाग ने आयोजित किया कार्यक्रम

करीम सिटी कॉलेज के मास कम्युनिकेशन विभाग की ओर से आयोजित यह कार्यक्रम साहित्यिक संस्था 'सृजन संवाद', 'साहित्य कला फाउंडेशन' तथा 'नई दिल्ली फिल्म फाउंडेशन के सहयोग हुआ। इस दौरान अतिथियों ने फिल्म निर्देशक सत्यजित राय पर आधारित विजय शर्मा की संपादित पुस्तक का विमोचन किया। यह पुस्तक दो भागों में लिखी गई है।

चुनावी कैंपेन में भाग लेने का मिल सकता है मौका
केजरीवाल की अंतरिम बेल पर सुप्रीम कोर्ट करेगा विचार

AGENCY NEW DELHI : दिल्ली शराब नीति मामले में अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी और रिमांड पर सुप्रीम कोर्ट में शुक्रवार को दो घंटे बहस हुई। जस्टिस संजीव खन्ना और जस्टिस दीपांकर दत्ता की बेंच ने कहा कि लोकसभा चुनाव को देखते हुए केजरीवाल की अंतरिम जमानत पर विचार किया जा सकता है, ताकि वे कैंपेन में हिस्सा ले सकें। बेंच ने कहा कि मेन केस यानी जिसमें केजरीवाल ने अपनी गिरफ्तारी और रिमांड को चुनौती दी है, इसमें समय लग सकता है। इसलिए चुनाव को देखते हुए हम उनकी अंतरिम जमानत याचिका पर सुनवाई पर विचार कर सकते हैं। केजरीवाल और ईडी तैयार रहें। हम 7 मई को इस पर सुनवाई करेंगे। केजरीवाल की ओर से वरिष्ठ वकील अभिषेक मनु सिंघवी और ईडी की तरफ से एएसजी एसवी राजू ने सुप्रीम कोर्ट में दलीलें रखीं। सिंघवी ने एक बार फिर गिरफ्तारी के आधार पर सवाल उठाया। वहीं एसवी राजू ने केजरीवाल की गिरफ्तारी का आधार बताया।

मेकअप धुलेगा नहीं, खिलेगा!

■ मेकअप सुन्दर और टिकाऊ होने के लिए सबसे पहले त्वचा का स्वस्थ और सुन्दर होना सबसे आवश्यक है। बरसात के मौसम में वातावरण में मौजूद नमी के कारण रोमछिद्र ब्लॉक हो जाते हैं। इसलिए आप सुबह अपनी त्वचा को स्क्रब कर लीजिए। रात को सोने के पहले चेहरे को फेस वॉश से क्लीन कर लीजिए। इससे त्वचा साफ और सुकोमल रहेगी।

■ बरसात के दिनों में मेकअप टिकाऊ रहे इसके लिए वॉटर प्रूफ पैन स्टिक, और वॉटर प्रूफ पैन-केक का इस्तेमाल आप बेस बनाने के लिए कर सकती हैं। पार्टी में जाते समय आप चाहें तो केवल टू-वे केक का इस्तेमाल भी बेस के लिए कर सकती हैं। इससे भी मेकअप काफी देर तक टिका रहता है।

■ आंखों को बड़ा और सुन्दर दिखने के लिए आई लाइनर लगाते समय ध्यान रखना चाहिए कि लाइनर वॉटरप्रूफ हो ताकि बूंदा-बांदी पड़ने पर फैले नहीं। अगर आप रोज-रोज लाइनर नहीं लगाना चाहती हैं तो आप पर्मानेंट आई लाइनर भी लगावा सकती हैं। इससे आंखें हर समय और हर मौसम में सुन्दर दिखती हैं।

■ आजकल कजरारे नैनों का फैशन है, लेकिन बरसात के दिनों में पानी से काजल फैलने की संभावना बनी रहती है इसलिए इस मौसम में वॉटरप्रूफ आई लाइनर का इस्तेमाल आप चाहें तो काजल की जगह कर सकती हैं। अच्छा रहेगा कि आप आंखों में पर्मानेंट काजल करवालें इससे काजल फैलने का डर भी नहीं रहेगा और आंखें हर पल कजरारी नजर आएंगी।

■ पलकें ज्यादा कर्ली, धनी और सुन्दर दिखे इसके लिए आप इस मौसम में वॉटरप्रूफ मस्कारा का प्रयोग करें तो अच्छा रहेगा। आप किसी अच्छे कॉस्मेटिक क्लीनिक से पर्मानेंट मस्करा भी लगवा सकती हैं इससे आपको रोज-रोज मस्कारा लगाने की जरूरत नहीं होगी क्योंकि पर्मानेंट मस्कारा 10-15 दिनों तक टिकता है।

■ आप अगर बिन्दी लगाने जा रहें हैं तो इस मौसम में अच्छी क्वालिटी की चिपकने वाली बिन्दी का प्रयोग करें क्योंकि लिक्विड अथवा पाउडर बिन्दी इस मौसम में टिक नहीं पाती। खास मौकों पर आप किसी अच्छे ब्यूटी क्लीनिक से वॉटरप्रूफ बिन्दी भी बनावा सकती हैं।

■ बरसात के मौसम में होंठ सुन्दर दिखे और लिपस्टिक देर तक टिकी रहे इसके लिए आप पहले लिप लाइनर से होंठों को शेप दें और फिर मैट लिपस्टिर लगाकर पाउडर पफ से ट्रॉस्परेंट पाउडर लगा लें, इसके ऊपर लिप ग्लौस लगा लीजिए। लिपस्टिक देर तक टिकेगी भी और सुन्दर भी दिखेगी।

■ इस मौसम में बालों को सैट करने के लिए हेयर स्टाईलिंग जैल और कर्लिंग स्टाइल से बालों को सैट नहीं करना चाहिए। इससे भींगने पर बाल चिपचिपे हो जाते हैं और कर्ल किए गए बाल कर्ल भी नहीं रह पाते हैं। बेहतर होगा कि इस मौसम में आप नेचुरल और अनकेप्ट हेयर स्टाइल रखें।

■ वर्षा में भींगने से ऑयल और मैल के कारण बालों में चिपचिपापन आ जाता है इसलिए भींगे बालों को माइल्ड शैम्पू से साफ कर लें।

■ शिफॉन, रेशमी, स्टार्च वाले कपड़े इस मौसम में नहीं पहनने चाहिए क्योंकि ये खराब हो जाते हैं। महीन सूती कपड़े जो पानी में भींगने पर ट्रॉनसिपरेंट हो जाते हैं जहां तक संभव हो नहीं पहनने चाहिए। बेहतर होगा कि आप थिक कॉटन, टेरीकॉटन या क्रेप जैसे कपड़े इस मौसम में पहनें यह शरीर के लिए आरामदायक और अनुकूल भी रहेंगे।

कावुली चना अचार

सामग्री : 150 ग्राम काबुली चना, 1 टेबलस्पून नमक, 1 टीस्पून सरसों का पाउडर, 1 टेबलस्पून सौंफ, 1 टीस्पून कलौंजी, 1/4 टीस्पून हींग, आधा टीस्पून हल्दी, 1 टेबलस्पून लाल मिर्च पाउडर, 200 मिली। सरसों या तिल का तेल।

विधि : कच्चे आम के पानी में काबुली चना, हल्दी और नमक मिलाकर रातभर के लिए भिगोकर रख दें। सुबह उसमें सरसों पाउडर और हल्दी मिलाएं। सौंफ, कलौंजी और हींग मिलाकर एक साथ भून लें। इसे काबुली चना के मिश्रण में डालकर अच्छी तरह से मिला लें। कड़ाही में तेल को गरम करें। फिर ठंडा होने के बाद उसमें काबुली चना का मिश्रण मिलाकर 8 घंटे के लिए रख दें।

खरीदारी करते समय...

● खरीदारी करने के लिए बार-बार न जाएं। बेहतर यही है कि शॉपिंग के लिए जाने से पहले आवश्यक वस्तुओं की सूची बना ली जाए और कोशिश करें कि माह में एक-दो बार में ही सारी वस्तुएं खरीद ली जाएं। इस तरह समय की बचत के साथ अनावश्यक खर्च भी कम होगा।

● बाजार में वस्तुओं के प्रचलित दामों के उतार-चढ़ाव पर नजर रखें। महंगी वस्तुओं की खरीदारी से पूर्व उनकी गुणवत्ता व मूल्य की जांच-पड़ताल कर लें।

● घर में आय-व्यय का संकलन रजिस्टर बनाएं, जिसमें खरीदी गई मुख्य वस्तुओं का विवरण दिनांक व मूल्य सहित अंकित करें। महंगी वस्तुओं की रसीद विक्रेता से अवश्य लें तथा उसे भी संकलन रजिस्टर में नत्थी करें।

● पारिवारिक आय को ध्यान में रखते हुए ही खरीदारी करें।

● खरीदारी करते समय यह ध्यान रखना बहुत जरूरी है कि कहीं आपकी खरीदारी से घर-परिवार के जरूरी एवं आकस्मिक खर्चे जैसे बिजली, पानी, टेलीफोन के बिल, दूध, धोबी, अखबार वाले का भुगतान, बच्चों की फीस अथवा ट्यूशन आदि का भुगतान तो प्रभावित नहीं हो रहा?

● 'कम खर्च बालानंसी' को ध्यान में रखते हुए अनावश्यक खरीदारी से बचें।

● बच्चों में बचत करने की आदत विकसित करें। आवश्यक जरूरतों को छोड़कर घर में ज्यादा नकदी न रखें। नजदीक के डाकघर या बैंक में ही बचत पास बुक खुलवाएं ताकि जरूरत पड़ने पर रूपये आसानी से निकलवाये जा सकें।

रूसी से बचने के उपाय

1. बालों की जड़ों को छूते हुए, मोटे दांत वाले, उत्तम क्वालिटी के कंघे से नियमित कंघी करें। पांच मिनट तक कंघी करने से बालों में जमा गंदगी त्वचा से छूटेगी।
2. कंघी करने के पश्चात गोल दांतों वाले ब्रश से पांच मिनट तक बालों में आहिस्ता-आहिस्ता ब्रश करें। रक्तसंचार तेज होगा।
3. कंघी व ब्रश करते वक्त ध्यान रहे कि रूसी चेहरे या खुले अंगों पर न गिरे। बालों को चेहरे के पीछे की तरफ ब्रश करें व जहां-जहां रूसी गिरी हो, उस स्थान को किसी एंटीसेप्टिक की सहायता से पोंछ लें।
4. रूसी वाले कंघे व ब्रश को गर्म पानी व साबुन से धो डालें व थोड़ी देर धूप में रखें या एंटीसेप्टिक लगाएं।
5. सप्ताह में एक या दो बाद एंटीसेप्टिक तेल से सिर की मालिश करें। मालिश करने के बाद बालों को भाप दें। इससे तेल बालों की गहराई तक जाता है और बालों को पर्याप्त ऑक्सीजन प्राप्त होता है।
6. बालों को धोने के बाद हर्बल पैक लगाएं। इस हर्बल पैक से रूसी भी दूर होगी, साथ ही बालों को अतिरिक्त खुराक भी मिलेगा।
7. सप्ताह में एक बार गुनगुने तेल में 8-10 बूंदें कैलेंडुला क्यू मिलाकर मालिश करें। तीन-चार घंटे बाद बाल धो लें।

टाईम पास

आज का राशिफल

मेष — चू चे चो ला ली लू ले लो आ

अध्ययन-अध्यापन में समय गुजरेगा। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा। कुछ कार्य भी सिद्ध होंगे। व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचा ही जाए तो अच्छा है। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। शुभांक-2-5-7

वृष — इ उ ए ओ वा वी वू वे वो

महत्त्वपूर्ण निर्णय के लिए दूरदर्शिता से काम लें। रूकावटें आएंगी। कोष में कमी व व्यय की अधिकता से परेशान होंगे। किसी से वाद-विवाद अथवा कहासुनी होने का भय रहेगा। जल्दबाजी में कोई भूल संभव है। कार्य भार बढ़ेगा। स्वविवेक से कार्य करें। समय व्ययकारी सिद्ध होगा। शुभांक-2-6-8

मिथुन — का की कू घ ङ छ के को हा

परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। प्रपंच में ना पड़कर काम पर ध्यान दीजिए। कल का परिश्रम आज लाभ देगा। लेन-देन में अस्पष्टता ठीक नहीं। खान-पान में सावधानी रखें। स्वास्थ्य लाभ में समय और धन व्यय होगा। अच्छे समय इन्तजार करें। कर्म प्रधान विचार धारा बनाये रखें। शुभांक-1-4-6

कर्क — ही हू हे हो डा डी डू डे डो

सामाजिक मान-सम्मान बढ़ेगा। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। अपने हित के काम सुबह-सबेरे ही निपटा लें। रुपए पैसों की सुविधा नहीं मिल पाएगी। यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। राजकीय कार्यों से लाभ। शुभांक-2-4-6

सिंह — मा मी मू मे मो टा टी टू टे

अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार रहेंगे। यात्रा शुभ रहेगी। अपने काम को प्राथमिकता से करें। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे है। कार्यक्षेत्र में संतोषजनक सफलता मिलेगी। कल का परिश्रम आज लाभ देगा। साक्षात्कार के लिए दिन शुभ रहेगा। शुभांक-4-6-8

कन्या — टो पा पी पू ष ण ठ पे पो

कुछ पिछले संकट अब सिर उठा सकते हैं। अपने संघर्ष में स्वयं को अकेला महसूस करेंगे। अभिष्ट कार्य सिद्ध होंगे। निकटजनों के लिए अर्थव्यवस्था हेतु जोड़-तोड़ करना पड़ेगा। बुरी संगति से बचें। सुविधाओं में शनैः-शनैः बाधा आएगी। वरिष्ठ लोगों से कहासुनी के कारण तनाव पैदा हो सकता है। शुभांक-5-7-8

तुला — रा री रु रे रो ता ती तू ते

पूर्व में किये कार्यों से लाभ मिलेगा। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। अपना काम दूसरों के सहयोग से पूरा होगा। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। शांतिपूर्वक कार्य करें। धार्मिक यात्रा का योग हैं। शुभांक-5-7-9

वृश्चिक — तो ना नी नू ने नो य यी यू

दाम्पत्य जीवन में मधुरता बनी रहेगी। कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी। बाहरी और अंदरूनी सहयोग मिलता चला जाएगा। पर प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए। लेन-देन में आ रही बाधा को दूर करने में सफल होंगे। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। व्यापार में स्थिति ठीक रहेगी। शुभांक-2-5-7

धनु — ये यो भा भी भू धा फा ढा भे

संतोष रखने से सफलता मिलेगी। नौकरी में स्थिति सामान्य ही रहेगी। शैक्षणिक क्षेत्र में उदासीनता रहेगी। जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। व्यापार व नौकरी में स्थिति अच्छी रहेगी। कल का परिश्रम आज लाभ देगा। कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी। दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा। शुभांक-4-5-6

मकर — भे जा जी खी खू खे खो गा गी

मनोरथ सिद्ध होंगे, पूरे मनोयोग से काम में लगे रहें। बाहरी और अंदरूनी सहयोग मिलता चला जाएगा। पर प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए। लेन-देन में आ रही बाधा को दूर करने के प्रयास सफल होंगे। धार्मिक कार्य में समय और धन व्यय होगा। कारोबारी काम में बाधा बनी रहेगी। शुभांक-4-7-9

कुंभ — गू गे गो सा सी सू से सो दा

स्वास्थ्य में ताजगी बनी रहने से नई ऊर्जा का संचार होगा। संतोष रखने से सफलता मिलेगी। नौकरी में स्थिति सामान्य ही रहेगी। शैक्षणिक क्षेत्र में उदासीनता रहेगी। जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। व्यापार व नौकरी में स्थिति अच्छी रहेगी। शुभ कार्यों का लाभदायक परिणाम होगा। शुभांक-3-5-9

मीन — दी दू थ झ ञ दे दो चा ची

सुनियोजित तरीके से कार्य आरम्भ करें, सफल होंगे। लाभ भी होगा और पुराने मित्रों का समागम भी। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूतियां होगी। रुका हुआ लाभ आज प्राप्त हो सकता है। आमोद-प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति भी होगी। शुभांक-3-6-8

काकुरो पहेली - 3171



खाली वर्गों में 1 से 9 तक के अंक लिखकर नीचे से ऊपर व दाएं से बाएं की जोड़ हल्के रंग के आधे वर्ग की संख्या से मेल खानी चाहिए.किसी भी अंक का उस जोड़ में पुनः उपयोग नहीं किया जा सकता.

उदाहरणतः

	1	2	3	4
1				
2				
3				

6+8+9=23
7+8+9=24
1+2+3+4=15
1+2+3+4=16

काकुरो - 3170 का हल



हंसी के फव्वारें

सेकेंड क्लास के डिब्बे में बहुत ज्यादा भीड़ थी. एक यात्री ने उसमें चढ़ने की कोशिश की . तभी अन्दर से किसी ने कहा- 'इधर जगह नहीं है कोई दूसरा कम्पार्टमेंट देखिए!'

'अरे भई! मुझे तो सिर्फ खड़े रहने भर के लिए स्थान चाहिए.' बाहर वाले ने कहा.

'तो फिर प्लेटफार्म पर ही आराम से खड़े रहिए न. अन्दर आकर हमको क्यों तंग करते हो?' अन्दर से तुरन्त आवाज आई.

□ □ □

सुरेश को गम्भीर सोच में डूबे देखकर उसके मित्र नरेश ने पूछा- 'क्यों भई,इतनी गहराई से क्या सोच रहे हो?'

'बेटे के कारण मैं बहुत परेशानी में हुँ . कुछ समझ में नहीं आता कि क्या करूँ? मैं चाहता हूँ कि वह जज बने. बेटे की मां चाहती है कि वह प्रोफेसर बने और बेटा डाक्टर बनने की जिद किये बैठा है.'

'तुम्हारे लड़के की उम्र कितनी है?' नरेश ने जिज्ञासावश पूछा.

'चार साल!' सुरेश ने बताया.

इसपर नरेश ने अपना माथा पीट लिया.

□ □ □

शालिनी - मेरे पिताजी का साहित्य में गहरा योगदान है.

रीतू -क्या वे बहुत बड़े लेखक हैं?

शालिनी ने कहा- नहीं, वे किताबों की जिल्दसाजी करते हैं.

फिल्म वर्ग पहेली- 3171



ऊपर से नीचेः-

१. 'दुनिया हसीनों का' गीत वाली बॉबी देओल, मनीषा, काजोल की फिल्म-२
२. अनिल धवन, नीतूसिंह की 'अपने दिल में जगह' गीत वाली फिल्म-३
३. 'मैं निकला' गीत वाली सनी देओल, अमीषा पटेल की फिल्म-३
४. करण दीवान, वैजयंती की 'दुनिया का मजा लेलो' गीत वाली फिल्म-३
५. 'किताबें बहुत सी' गीत वाली शाहरूख, काजोल, शिल्पा शेट्टी की फिल्म-४
६. राजेंद्रकुमार, माला सिन्हा की 'बांसुरी बजाय के' गीत वाली फिल्म-२
९. 'मिलने से पहले' गीत वाली शरद कपूर, मुकुल आनंद, सुष्मिता की फिल्म-३
१२. विवेक ओबेराय, दीया मिर्जा की 'दिल ही दिल में' गीत वाली फिल्म-२
१४. 'एक तो ये बैरी' गीत वाली दिलीपकुमार, शर्मिला की फिल्म-३
१६. रितिक, करीना की 'ए री रे एरी क्या है' गीत वाली फिल्म-२
१७. 'आपका चेहरा' गीत वाली धर्मेन्द्र, नसीर, सोनू, पल्लवी की फिल्म-४
१८. गोविंदा, ऋषिकपूर, नीलम, मीनाक्षी की 'तेरे डैडी ने दिया' गीत वाली फिल्म-३
१९. शाहरूख, सैफ, प्रीती जिंटा की 'कुछ तो हुआ है' गीत वाली फिल्म-२,१,१,१
२३. अमिताभ, सलमान, हेमा की 'चली चली फिर चली' गीत वाली फिल्म-४
२४. 'रूखी सूखी रोटी' गीत वाली फिल्म-३
२६. 'इंतहा हो गई' गीत वाली फिल्म-३

बायें से दायें:-

१. डिनो मारिया, बिपाशा बसु की 'जब दिल चुराए' गीत वाली फिल्म-३
३. 'ऐ हवा ये बता' गीत वाली धर्मेन्द्र, रेखा की फिल्म-३
५. सलमान, नगमा की 'चांदनी रात है' गीत वाली फिल्म-२
७. 'टुट गई तड़क करके' गीत वाली नाना पाटेकर, माधुरी की फिल्म-३
८. अनिल धवन, रेहाना सुल्तान की 'दिल बेचैन रहा' गीत वाली फिल्म-२,२
९. 'चाँदनी रूप की' गीत वाली संजयदत्त, सलमान खान, रवीना की फिल्म-२
१०. डैनी, विनोद मेहरा, मौसमी की 'संसार है एक' गीत वाली फिल्म-३
११. 'गाड़ी बुला रही है' गीत वाली धर्मेन्द्र हेमा की फिल्म-२
१३. जीतेन्द्र, रामेश्वरी की 'काहे बिंदिया लगाई' गीत वाली फिल्म-३
१५. 'वो लड़की बहुत' गीत वाली अजय देवगन, नेहा धूपिया की फिल्म-४
२०. बॉबी, अक्षय खन्ना, अमीषा की 'दिल ने कर लिया' गीत वाली फिल्म-४
२१. 'मुझे साजन के' गीत वाली अनिल, जैकी, मनीषा, माधुरी की फिल्म-२
२२. सनी, सुनील, सेलिना की 'प्यार होने लगा' गीत वाली फिल्म-२
२५. 'क्या है तुम्हारा नाम' गीत वाली जैकी श्रॉफ, डिम्पल की फिल्म-२
२७. फरदीन खान, उर्मिला की 'दो प्यार करने वाले' गीत वाली फिल्म-३
२८. 'लाल लाल होठों पे' गीत वाली अजय देवगन, जूही की फिल्म-४
२९. फिल्म 'एलओसी' में अजय देवगन के साथ किस की जोड़ी है-२
३०. 'सोल्जर' में प्रीति का नायक?-२
३१. 'मेरे दिल का पता' गीत वाली राहुल राय, दीपक, पूजा की फिल्म-३

फिल्म वर्ग पहेली- 3170

ए	ल	ओ	सी		जा	नी	दु	श्म	न
क		म		दि	ल		श्म		गी
रि	श्ते		फू	ल		अ	न	जा	ना
श्ता		शू		वा	स्त	व		नू	
	दि	ल	ज	ले		ता	रा		प्रि
	ल्ल		ख्म		आ	र	जू		य
सं	गी	त		खु	शी		चा	ह	त
ग		ला	वा		र्वा		चा		मा
म	हे	श		आ	द	मी		बू	
	मा		रं	ग		ना	ग	म	णि

सूडोकु -3171

		5			8			
	7			3	5			
3						6		
							8	5
	6						1	
4	2							
		1						8
			7	4			3	
			2			7		

■ प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
■ प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
■ पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
■ पहेली का केवल एक ही हल है.

सूडोकु -3170 का हल

5	7	4	1	3	9	6	2	8
2	8	9	6	5	7	1	4	3
3	6	1	2	8	4	5	7	9
9	3	7	8	1	6	4	5	2
6	5	8	4	9	2	3	1	7
1	4	2	5	7	3	8	9	6
7	9	6	3	4	1	2	8	5
4	2	5	9	6	8	7	3	1
8	1	3	7	2	5	9	6	4

शब्द पहेली - 3171



बाएँ से दाएँ

1. अत्यावश्यक-6
5. कारागार,जेल-4
8. पानी,नीर-2
9. मीन,मत्स्य-3
10. लक्ष्मी,कमला-2
11. कलाकार,फनकार-4
12. मर्द,मादा का विलोम-2
14. हसरत,मुराद-4
15. कैद में,अवरुद्ध,रुका-2
17. भूमि,धरती-3
19. मतवासा,मदहोश-4
21. फिल्मी दुनिया-3,3
24. दुर्भाग्यशाली-5
27. ठोकर लगना,भिड़ना-4
29. दौंडी पीटना-3
31. सांप,सर्प-2
32. दाल-4
33. हूर,अप्सरा-2
35. गाड़ी चलाने वाला-4
36. पिता का छोटा भाई-2
38. पुत्र,बेटा-3
39. टॉटी,नलका-2
40. ललचाना,तड़फाना-4
41. टाऊन हाल, नागरिक भवन-2,4

ऊपर से नीचे

1. ईश्वर,अनश्वर-3,3
2. तेलहन-2
3. सुखद वस्तु, वर देना-4
4. करधनी,कमर पेटी-5
5. गलीचा-3
6. दिन-2
7. समस्या का हल-4
11. धरोहर,थाती-4
13. मिट्टी,धूल-2
16. चमकना-4
18. वायुसेना का एक विमान-3
19. इतराना-4
20. परत-2
22. जाप करना-3
23. किवाड़,द्वार-2
25. उदाहरणतः-4
26. परवरिश-3,3
28. राग छेड़ना-5
29. भेंट,मेल-मिलाप-4
30. दिया,दीपक-2
32. औषधालय, दवाखाना-4
34. खाली होना-3
37. छोटी सवारी गाड़ी-2
39. नया,नवीन-2

शब्द पहेली -3170 का हल

	बि	रा	द	री		ज	य	मा	ला	
बि	ल		श		का	य	म		श	व
रा		म	ह	क	ना		ज	रा		र्त
द	र	द	रा			सा		ग	रि	मा
र		हो		ब	सु	ध	र		या	न
	कु	श	ल		दा		जा	य	ज	
मि	ली		क	रा	मा	त		म		अ
ला	न	त		त			प	रा	धी	न
ब		ल	ता		अ	च	र	ज		ब
ट	ब		ली	न	ता		र्त		मी	न
	स	ला	म	त		मि	त्र	व	त	

झारखंड हाईकोर्ट से पूर्व मुख्यमंत्री को नहीं मिली राहत, SC में होनी है सुनवाई

गिरफ्तारी के खिलाफ चुनौती देने वाली हेमंत सोरेन की रिट खारिज

PHOTON NEWS RANCHI : झारखंड हाईकोर्ट से पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को राहत नहीं मिली है। उनकी गिरफ्तारी को चुनौती देने वाली याचिका को हाई कोर्ट ने शुक्रवार को खारिज दी है। इस रिट पिटिशन पर दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद हाई कोर्ट ने 28 फरवरी को फैसला सुरक्षित रख लिया था। एक्टिंग चीफ जस्टिस एस. चंद्रशेखर और जस्टिस नवनीत कुमार की खंडपीठ ने हाइब्रिड मोड में याचिका को खारिज कर दिया। इस मामले में 6 मई को सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई होनी है। हेमंत सोरेन की ओर से वरीय अधिवक्ता कपिल सिब्बल और अधिवक्ता पियूष चित्रेश ने बहस की थी जबकि ईडी की ओर से एएसजीआई एसवी राजू और अमित दास ने बहस की। हेमंत सोरेन की ओर से दलील दी गई थी कि जिस मामले में उनकी गिरफ्तारी हुई है, वह शिड्यूल ऑफिंस नहीं है। उनके खिलाफ मनी लॉड्रिंग का भी मामला नहीं बनता है। बगड़ाई अंचल की जिस जमीन की बात की जा रही है, उसके दस्तावेज में उनके नाम का भी जिक्र नहीं है। हालांकि, ईडी की ओर से दलील दी गई थी कि समन के बाद तत्कालीन मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने पावर और पोजिशन का गलत इस्तेमाल कर साक्ष्य को नष्ट कराने की कोशिश की थी। झारखंड हाई कोर्ट द्वारा इस मामले में 28 फरवरी को फैसला सुरक्षित रखने के बाद फैसला आने में देरी के खिलाफ हेमंत सोरेन ने सुप्रीम कोर्ट में भी याचिका दाखिल की है, जिसमें कहा गया है कि फैसला नहीं आने से वह लोकसभा चुनाव प्रचार में भाग नहीं ले पा रहे हैं। हेमंत सोरेन को 31 जनवरी को ईडी ने गिरफ्तार किया था, जिसके खिलाफ उन्होंने सुप्रीम कोर्ट में

शर्तों के साथ अपने चाचा के श्राद्धकर्म में हेमंत को शामिल होने की इजाजत

मीडिया से नहीं कर सकते बात, न ही दे सकेंगे किसी तरह का राजनीतिक भाषण : धीरज

इस मामले में झारखंड हाईकोर्ट के वरीय अधिवक्ता धीरज कुमार ने कहा कि झारखंड उच्च न्यायालय में रंगन मुखोपाध्याय के अदालत में पूर्व मुख्यमंत्री झारखंड हेमंत सोरेन के औपबंधिक जमानत याचिका को खारिज कर दिया। न्यायालय ने सभी पक्षों को सुनने के बाद ये फैसला दिया। उन्हें पुलिस कस्टडी में ही 6 मई को श्राद्धकर्म शामिल होने को कहा गया है। इस दौरान वे न तो मीडिया से बातचीत कर सकेंगे और न ही किसी प्रकार का राजनीतिक भाषण दे सकेंगे।

PHOTON NEWS RANCHI : झारखंड हाईकोर्ट से पूर्व सीएम हेमंत सोरेन को बड़ी राहत मिली है। जस्टिस आर मुखोपध्याय की अदालत ने शुक्रवार को उन्हें अपने चाचा के श्राद्धकर्म में 6 मई को कुछ शर्तों के साथ शामिल होने की अनुमति दे दी है। हालांकि वह पुलिस कस्टडी में इस कार्यक्रम में शामिल होंगे। इस दौरान वह मीडिया से भी बात नहीं कर सकेंगे। इससे पहले अदालत ने हेमंत सोरेन को अपने चाचा के अंतिम संस्कार में औपबंधिक जमानत देने से इनकार कर दिया। गौरतलब है कि 31 जनवरी को ईडी ने उन्हें जमीन घोटाला मामले में पूछताछ के बाद गिरफ्तार कर लिया था। बता दें कि कुछ दिनों पहले ईडी की विशेष अदालत ने पूर्व सीएम हेमंत सोरेन की औपबंधिक जमानत याचिका खारिज कर दी थी। उन्होंने अदालत से अपने चाचा के निधन पर जमानत याचिका दायर कर श्राद्धकर्म में शामिल होने की इजाजत मांगी थी। बता दें कि हेमंत सोरेन के पिता शिबू सोरेन के बड़े भाई का निधन हो गया था। वह लंबे अरसे से बीमार चल रहे थे।

हेमंत से जुड़े जमीन घोटाला मामले में कई लोग हो चुके हैं गिरफ्तार : ज्ञात हो कि हेमंत सोरेन से जुड़े जमीन घोटाला मामले में अब तक कई लोगों को गिरफ्तार किया जा चुका है। कुछ दिन पहले ईडी ने इस मामले में 4 लोगों को गिरफ्तर किया था। इसमें एक जेएमएम नेता भी शामिल थे। इससे पहले अंचल अधिकारी भानु प्रताप, आर्किटेक्ट विनोद सिंह, राजकुमार पाहन, अफसर अली खां, मो सद्दाम, प्रदीप बागची, इम्तियाज अहमद, फयाज, तल्हा खान की गिरफ्तारी हो चुकी है। बाद में जेएमएम नेता अंतु तिर्की, ठेकेदार बिपिन सिंह, जमीन कारोबारी प्रियरंजन सहाय, इरशाद की गिरफ्तारी हुई थी।

जेपीएससी सिविल सेवा 2017 के पीटी रिजल्ट को चुनौती

PHOTON NEWS RANCHI : झारखंड हाई कोर्ट में झारखंड लोक सेवा आयोग (जेपीएससी) संयुक्त असैनिक सेवा बैकलॉग प्रतियोगिता-2017 के तहत राज्य पुलिस सेवा, कारा सेवा, नियोजन सेवा में नियुक्ति को लेकर पीटी के रिजल्ट को चुनौती देने वाली आलोक रंजन की याचिका की सुनवाई शुक्रवार को हुई। मामले में जस्टिस एसके द्विवेदी की कोर्ट ने जेपीएससी को चार सप्ताह में जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया है।

याचिकाकर्ता के अधिवक्ता शुभाशीष रसिक सोरेन एवं अधिवक्ता अविनाश कुमार ने पक्ष रखा। उन्होंने कोर्ट को बताया कि जेपीएससी ने संयुक्त असैनिक सेवा बैकलॉग प्रतियोगिता-2017 के तहत 10 पदों के लिए विज्ञापन संख्या 27/ 2017 निकली थी। इसके लिए वर्ष 2024 में पीटी परीक्षा ली गई थी। इसके बाद जीपीएससी ने आंसर की एवं संशोधन संशोधित आंसर की निकला था लेकिन दोनों में ही त्रुटि थी। इस कारण जीपीएससी की पीटी रिजल्ट भी त्रुटि पूर्ण है। इसलिए रिजल्ट को लेकर एक एक्सपर्ट कमेटी बनाई जाए। याचिकाकर्ता का कहना था कि एक प्रश्न के कारण उसका चयन नहीं हो सका।

हाईकोर्ट से राज्य के महाधिवक्ता और अपर महाधिवक्ता को राहत

PHOTON NEWS RANCHI : झारखंड हाई कोर्ट ने राज्य के महाधिवक्ता एवं अपर महाधिवक्ता पर आपराधिक अवमानना मामला चलाने से संबंधित कोर्ट के स्वतः संज्ञान पर शुक्रवार को फैसला सुनाया। हाई कोर्ट के एक्टिंग चीफ जस्टिस चंद्रशेखर की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने महाधिवक्ता राजीव रंजन और अपर महाधिवक्ता सचिन कुमार को मामले में राहत देते हुए उनके खिलाफ अवमानना याचिका को सुनवाई योग्य नहीं माना। हाई कोर्ट ने 23 जनवरी को सभी पक्षों को सुनने के बाद मामले में फैसला सुरक्षित रख लिया था। हाई कोर्ट के जस्टिस एसके द्विवेदी की अदालत ने 01 सितंबर, 2021 को एक मामले में सुनवाई के दौरान स्वतः संज्ञान लेते हुए इन दोनों पर अवमानना का मामला चलाने का निर्देश दिया था। साथ ही अदालत ने हाई कोर्ट रूल के अनुसार अवमानना का मामला चलाने के लिए मामले को वर्ष 2021 में खंडपीठ में भेज दिया था। साहिबगंज की महिला थाना प्रभारी रूपा तिर्की की मौत मामले में याचिकाकर्ता ने अदालत में महाधिवक्ता और अपर महाधिवक्ता के खिलाफ अवमानना चलाने के लिए हस्तक्षेप याचिका (आईए) दाखिल की थी।

KOLHAN/ODISHA

डॉली साहू हत्याकांड में पति को 7 साल की सजा

JAMSHEDPUR : कदमा के डॉली साहू दहेज हत्याकांड में अभियुक्त पति सोनू सिंह को जमशेदपुर कोर्ट ने सात साल के कारावास और दस हजार जुमार्ने की सजा सुनाई है। मृतका डॉली साहू का फांसी से लटका शव 24 सितंबर 2020 को कदमा थाना क्षेत्र के अनिल सूर पथ स्थित ससुराल में पाया गया था। शव पर काफी चोट के निशान थे, फिर भी पुलिस दहेज हत्या का केस नहीं करके अस्वाभाविक मौत का केस कर रही थी। छत्तीसगढ की रहने वाली मृतका के पिता अनिल साहू ने अपनी बेटी की दहेज के लिए हत्या का आरोप लगाया था। 2019 में बेटी की शादी के बाद से ही उसे पति और ससुराल वाले दहेज के लिए मानसिक और शारीरिक रुप से प्रताड़ित करते थे। उनलोगों ने दो लाख रुपये की मांग की थी। उनका दामाद शराब पीकर अक्सर बेटी के साथ मारपीट करता था। आरोपी पति सोनू सिंह घटना के बाद से फरार था। कोर्ट के आदेश पर कदमा थाने में दहेज प्रताड़ना और दहेज हत्या का मामला दर्ज हुआ। आगे चलकर आरोपी पति ऑटो चालक सोनू सिंह की गिरफ्तारी हुई। इस मामले में ससुरालवालों के खिलाफ अनुसंधान जारी है।

भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के सहप्रभारी बने रिंकू

JAMSHEDPUR : भाजपा, अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष अनवर हयात ने शुक्रवार को लोकसभा चुनाव के लिए राज्य भर में प्रभारी, संयुक्त प्रभारी एवं सहप्रभारी की घोषणा की है। इसमें जमशेदपुर लोकसभा के लिए इरशाद अहमद अंसारी को प्रभारी और रविंदर सिंह रिंकू, इलयास अली वारसी एवं बलबीर सिंह बबलू को सहप्रभारी नियुक्त किया गया है।

रेलवे मेंस कांग्रेस के भवन पर चला बुलडोजर, ध्वस्त

JAMSHEDPUR : चक्रधरपुर रेल मंडल प्रशासन ने शुक्रवार को रेलवे मेंस कांग्रेस के भवन को बुलडोजर से ध्वस्त कर दिया। टाटानगर स्टेशन परिसर में बने रेलवे मेंस कांगेस के कार्यालय परिसर में निर्मित अक्षय भवन को ध्वस्त किया गया है। बीते दिनों रेल प्रशसन ने इस भवन को सील कर दिया था। इसके बाद से ही यह तय हो गया था कि रेल प्रशासन इस भवन को किसी भी समय धराशायी कर सकता है।

रेलवे अंडरपास से परेशान लोगों ने डीआरएम से लगाई गुहार

POTKA : पोटका प्रखंड स्थित हाता में रेलवे फाटक बंद करके एक माह पहले रेलवे अंडरपास से आवागमन शुरू किया गया है, जिससे स्थानीय निवासी काफी परेशान हैं। रेलवे लाइन के नीचे कोई शेड नहीं होने और अंडरपास की सड़क जर्जर होने से बेतहाशा धूल उड़ती है। इसी बात को लेकर स्थानीय निवासियों ने डीआरएम से गुहार लगाई है। शुक्रवार को हलुदपुकुर (हल्दीपोखर) रेलवे स्टेशन में विभिन्न समस्याओं को लेकर मुखिया देवी कुमारी भूमिज के नेतृत्व में महिलाओं ने डीआरएम के नाम स्टेशन मास्टर मणिकांत कुमार को मांग पत्र सौपा है।

राज्य स्तरीय बाल साहित्य व सारस्वत महोत्सव 16 जून से, तैयारी को लेकर हुई बैठक

ROURKELA : शहर में 16 जून को राज्यस्तरीय बाल साहित्य एवं सारस्वत महोत्सव की तैयारी शुरू हो गयी है। पार्वती-गोविंदा साहित्य संसद एवं रश्मिप्रभा संस्थान के तत्वावधान में होने वाले इस कार्यक्रम के आयोजन के लिए वरिष्ठ बालसाहित्यकार त्रिलोचन माथन के नेतृत्व में तैयारी बैठक आयोजित हुई। बैठक में बाल साहित्य महोत्सव में राज्य के सभी जिलों से प्रतिनिधि भाग लेंगे। इस अवसर पर प्रकाशित होने वाली स्मारिकाओं में राज्य के सभी जिलों के बाल साहित्यकारों की रचनाओं को प्रकाशित करने की पहल शुरू कर दी गयी है। इसके साथ ही प्रदेश के बाहर से चयनित बाल साहित्यकारों की रचनाएं भी रखी जा रखने की निर्णय लिया गया है। इस महोत्सव के दौरान राज्य के हर जिले से एक बाल साहित्यकार को प्रोत्साहित किया जायेगा।कार्यक्रम के आयोजन को लेकर आयोजन समिति के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने अपने-अपने विचार व्यक्त किये। आयोजन समिति के कार्यकारी अध्यक्ष प्रशांत पति, उपाध्यक्ष उपेन्द्र बस्तिया और प्रकाश सेठी, महासचिव शशधर पांडा, संगठनात्मक संपादक-गौतम दास और कोषाध्यक्ष मनोज नंदा, साथ ही आयोजन समिति कार्यकारी परिषद के सदस्य प्रताप पांडा, रंकनिधि सेठी, प्रताप नंदा, विजयिनी जेना, गीतारानी बेहरा, श्वेत कुमार बेहरा, केलुह चरण बडजेना, सत्यब्रत दास सहित जनसंपर्क संपादक महेंद्र मिश्र उपस्थित थे।

भांजा ने मामा की पत्थर से कूचकर की हत्या

BANAI : बणई के बलांग पुलिस स्टेशन के उपमंडल, गौडुनीपोश गांव, पातला शाही में हत्या का मामला शुक्रवार को सामने आया है। भांजा ने मामा की पत्थर से मारकर हत्या कर दी है। हत्या के बाद भांजे ने पुलिस के सामने आत्मसमर्पण कर दिया। मामूली विवाद को लेकर मामा -भांजा के बीच बहस हो गई। बहस बढ़ने पर भांजा ने उग्र होकर मामा का जान से मार डाला। यह जघन्य हत्याकांड सुबह 6 बजे हुआ। दरअसल लहुणीपाड़ा थाना अंतर्गत केनापाली गांव के मामा सुबन कंसारिया गौडुनी पोस गांव में अपने भांजे धीबर के घर घूमने गए थे। मामूली बात को लेकर मामू-भांजे के बीच झगड़ा हो गया और जमकर बहस हो गई। घटना के बाद भांजे ने थाने जाकर आत्मसमर्पण कर दिया और घटना की जानकारी दी। जानकारी के मुताबिक पुलिस ने जहां मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है, वहीं भांजे धीबर से पूछताछ जारी है।

ऑटो पलटने से लक्ष्मण मुंडा के 6 समर्थक घायल

ROURKELA : विधायक के नामांकन जुलूस में शामिल होकर लौटने के दौरान ऑटो पलट गई। बणई विधायक लक्ष्मण मुंडा के जुलूस में शामिल थे। ऑटो में 10 लोग सवार थे, जबकि 6 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को राउरकेला सरकारी अस्पताल भेज दिया गया है। लहुणीपाड़ा थाना गुढ़ियाली के पास हुआ यह हादसा है। सभी घायल बलांग थाना अंतर्गत फकीरमुंडा इलाके के रहने वाले हैं।

जोएल ने लोकसभा व कुसुम-भवानी-नरसिंह ने विधानसभा चुनाव के लिए दाखिल किया नामांकन

SUNDARGARH : बीजेपी के दिग्गज आदिवासी नेता जोएल ओराम ने सुंदरगढ़ लोकसभा सीट के लिए नामांकन पत्र दाखिल किया है। उनके साथ पार्टी के विधानसभा उम्मीदवार सुंदरगढ़ से कुसुम टेटे, तलसरा से भवानी भोई और राजगांगपुर से नरसिंह मिंज ने अपना नामांकन पत्र दाखिल किया है। सुबह जोएल अपने गांव लहुणीपाड़ा ब्लॉक केंदूडीही में घर के कुल देवी, ग्राम देवी और बाबा बनेश्वर के मंदिर में पूजा-अर्चना करने के बाद अपना नामांकन पत्र जमा करने के लिए सुंदरगढ़ के लिए रवाना हुए। सुंदरगढ़ पहुंचने के बाद अधिष्ठात्री देवी समलेश्वरी के मंदिर में पूजा की और एक विशाल जुलूस के साथ आए और सुंदरगढ़ जिलापाल और रिटर्निंग अधिकारी को नामांकन पत्र सौंपा। उनके साथ उनकी पत्नी झींगिया ओराम और अन्य वरिष्ठ भाजपा नेता भी थे। इसी तरह, अतिरिक्त जिलापाल और रिटर्निंग ऑफिसर (सामान्य प्रशासन) के समक्ष सुंदरगढ़ विधानसभा के उम्मीदवार कुसुम टेटे, अतिरिक्त जिलापाल और रिटर्निंग ऑफिसर (राजएसबी) के लिए राजगांगपुर विधानसभा के उम्मीदवार नरसिंह मिंज,उपजिलापाल और रिटर्निंग ऑफिसर के पास तलसरा विधानसभा के उम्मीदवार भवानीशंकर भोई ने अपना नामांकन दाखिल किया।

छठे चरण में राज्य के 81.90 लाख वोटर करेंगे मतदान

PHOTON NEWS RANCHI : छठे चरण में झारखंड के चार लोकसभा सीट पर चुनाव होना है। गिरिडीह, धनबाद, रांची और जमशेदपुर लोकसभा के प्रत्याशियों का नॉमिनेशन जारी है। नामांकन की अंतिम तिथि 6 मई है। प्रत्याशियों के नाम वापसी की अंतिम तिथि 9 मई है। वहीं 25 मई को इन चार सीटों पर मतदान होना है। चुनाव की तैयारी में सभी दलों के नेता जोर-शोर से लगे हुये है। धनबाद लोकसभा क्षेत्र में सबसे ज्यादा जनसंख्या है। यहां 35 लाख की आबादी है, जिसमें 22 लाख, 79 हजार वोटर हैं। गिरिडीह में सबसे कम 18 लाख 60 हजार मतदाता हैं। वहीं रांची लोकसभा क्षेत्र में 21.88 लाख वोटर हैं, जो अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। वहीं जमशेदपुर सबसे कम 28 लाख 75 हजार आबादी वाला लोकसभा क्षेत्र है। यहां कुल 18,62,913 मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। इन चार लोकसभा में 6 जिला और 24 विधानसभा आते हैं। इन चार लोकसभा में 1.25 करोड़ आबादी है और 81 लाख 90 हजार वोटर हैं। जिसमें 41 लाख 94 हजार पुरुष मतदाता, 39 लाख 95 हजार महिला मतदाता और 289 थर्ड जेंडर मतदाता हैं। 2019 लोकसभा चुनाव में रांची लोकसभा में 19.10 लाख मतदाता थे। जो 29 अप्रैल 2024 तक बढ़कर 21.88 लाख हो गए हैं। इन पांच सालों में रांची लोकसभा में 14.52 % मतदाता बढ़े हैं।

जय इंस्टीट्यूट ऑफ कॉमर्स ने इंटर कॉमर्स के टॉपरों को किया सम्मानित

RANCHI : राजधानी रांची के रातू रोड के लाहकोठी में स्थित जय इंस्टीट्यूट ऑफ कॉमर्स ने इंटर कॉमर्स के टॉपरों को शुक्रवार को सम्मानित किया। फर्स्ट स्टेट टॉपर प्रतिभा शाह 94.8, सेकंड स्टेट टॉपर दीया कुमारी 94.4 और फर्स्ट स्कूल टॉपर सौम्या दुबे 90.4 को एक समारोह आयोजित कर इंस्टीट्यूट के डायरेक्टर जय सर और सूरज सर ने गुलदस्ता देकर सम्मानित किया। बता दें कि तीनों जय इंस्टीट्यूट ऑफ कॉमर्स की ही स्टूडेंट हैं। इंस्टीट्यूट के डायरेक्टर जय और सूरज ने बताया कि पिछले 7 साल से लगातार स्टेट टॉप टेन में हमारे इंस्टीट्यूट के बच्चे आ रहे हैं। यह हमारे लिए गर्व की बात है। उन्होंने कहा कि बच्चे बेहतर करते हैं तो परिवार के साथ-साथ शिक्षकों को भी अच्छा लगता है और गर्व महसूस होता है।

पिठोरिया में भू-माफिया ने एक शख्स को बेरहमी से पीटा, एफआईआर दर्ज

कई लोगों ने रड, केबल तार व पिस्टल के बट से मारकर किया घायल

PHOTON NEWS PITHORIYA : शुक्रवार को पिठोरिया थाना क्षेत्र के ओयना गांव में भू-माफिया ने जमशेदपुर निवासी रामप्रवेश चौधरी को रड, केबल तार और पिस्टल के बट से बेरहमी से पीटा। उनके चेहरे,आंख और पीठ पर चोट लगी है। पीड़ित रामप्रवेश चौधरी ने जमीन कारोबारी मुकेश शर्मा, रविशंकर विद्यार्थी और जतरू उरांव सहित 7-8 अज्ञात लोगों पर पिठौरिया थाना में एफआईआर दर्ज कराई है। इस संबंध में पिठोरिया थाना प्रभारी गौतम कुमार राय ने बताया कि मामले पर केस कर दिया गया है। जल्द ही आरोपियों पर कार्रवाई की जाएगी। पीड़ित ने बताया है कि साल 2008 में निबंधन कार्यालय रांची से अपनी सास लाली देवी के नाम से जमीन मालिक मो नसीम पिता : मरहूम अब्दुल हमीद से 06 डिसमिल जमीन खरीदी थी। इसका खाता नं- 37 प्लॉट नं- 552, रकबा 06 डिसमील मौजा ओयना थाना नं- 46 है। बुक नं० 1 वॉल्यूम नं 447 पेज नं.- 341 से 362 डीड नं.- 13774/12149 वर्ष 2008 है। खरीदारी के बाद जमीन पर शांतिपूर्वक दखल और काबिज रहते हुऐ कांके अंचल कार्यालय कांके से दाखिल खारिज करवा लिया तथा मेरी सास लाली देवी के नाम से रसीद निर्गत करवा लिया। हर साल मालगुजारी लगान देते आ रहा हूं। 27 अप्रैल को अपनी जमीन के कुछ बाकी हिस्सों पर बउंड्री कराने के लिए ईंट्टा-बालू गिरवाने के लिए गया था। उसी समय जमीन कारोबारी रविशंकर विद्यार्थी, जतरू उरांव, और मुकेश शर्मा एवं अज्ञात 7 व्यक्ति आए और घेरकर मारपीट शुरू कर दी। हमलोग घबरा कर थाना भागने लगे तो वे लोग अपनी गाड़ी को आगे की तरफ लगा दिए और गाड़ी से उतार कर मुझे तथा मेरे और दो दोस्तों को पिस्टल दिखा कर रोक कर केबल के तार, पिस्टल के बट और रड से बेरहमी से पीटा।

तपिश का सितम : 5 तक जारी रहेगा हीट वेव का असर, 8 तक बारिश की संभावना

6 मई से लोगों को गर्मी से मिलेगी राहत

गर्मी से बचने की कोशिश करतीं युवतियां।

इन इलाकों में पारा अब भी 40 के पार

राज्य के कई जिलों में तापमान में गिरावट दर्ज कई है। सबसे अधिक गिरावट बोकारो में 4.6 डिग्री सेल्सियस की गिरावट दर्ज की गई है, जिसके बाद यहां का तापमान 38.8 डिग्री सेल्सियस रहा है। अब भी राज्य में सात जिले ऐसे हैं, जहां का तापमान 40 डिग्री के आंकड़े को पार कर रहा है। राज्य में सबसे अधिक तापमान 43.7 डिग्री बहरागोड़ा का दर्ज किया गया है। इसके बाद सरायकेला का तापमान 43 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। पश्चिमी सिंहभूम 42.3, गोड्डा-42.1, जामताड़ा, 41.2 पाकुड़ 41.7, साहिबगंज 40.2 पर रहा।

PHOTON NEWS RANCHI : तेज धूप ने आमजनों की परेशानी बढ़ा दी है। सुबह 9 बजे के बाद से ही लोगों का घर से बाहर निकलना मुश्किल हो गया है। मौसम विज्ञान केंद्र की मानें तो आने वाले दिनों में गर्मी से लोगों को थोड़ी राहत मिल सकती है। मौसम विज्ञान केंद्र की मानें तो 5 मई तक राज्य में हीट वेव का असर देखा जायेगा। 6 मई से राज्य में बारिश की संभावना है। 5 मई तक राज्य में पूर्वी सिंहभूम, पश्चिमी सिंहभूम, सरायकेला-खरसावां, पाकुड़ और गोड्डा में हीट वेव का असर देखा जायेगा। 6 मई से राज्य के उत्तर पूर्वी हिस्से में कहीं-कहीं बारिश होने की संभावना है। राज्य में 8 मई तक बारिश होने की संभावना है। बारिश के साथ ही राज्य में तेज हवाओं और वज्रपात का असर देखा जायेगा। इस दौरान 30 से 40 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं चलेंगी। इसमें मुख्य रूप से दुमका, देवघर, पाकुड़, गोड्डा, गिरिडीह, जामताड़ा, पाकुड़ साहेबगंज में बारिश होने की संभावना है। वहीं, 7 और 8 मई को राज्य के अधिकांश हिस्से में बारिश की संभावना व्यक्त की गयी है। तापमान की बात करें तो आने वाले दो दिनों के दौरान तापमान में कमी दर्ज की जायेगी। मौसम विज्ञान केंद्र के अनुसार तापमान में आने वाले तीन दिनों के दौरान चार डिग्री तक की गिरावट दर्ज की जायेगी।

सेवा का अधिकार देने के मामले में झारखंड बना अव्वल राज्य

- 16 हजार से अधिक आवेदनों में 15812 का तय समय पर निबटारा, 96.32 फीसदी सेवा कार्य संपन्न
- तय समय पर जारी हुई 13605 पोस्टमार्टम रिपोर्ट
- होल्डिंग टैक्स के 80 फीसदी से अधिक मामले निबटाए गए

PHOTON NEWS RANCHI : झारखंड राज्य सेवा देने की गारंटी अधिनियम के तहत तेजी से आम नागरिकों को स्वाएं दी जा रही है। इसमें झारखंड राज्य अव्वल है। अब तक तय समय में सेवा का अधिकार के तहत 13605 पोस्टमार्टम रिर्पोट जारी किए गए। वहीं होल्डिंग टैक्स से जुड़े 80 फीसदी से अधिक मामले निपटा दिए गए। तय समय पर 81.82 फीसदी को क्रशर लाइसेंस दे दिया गया है। स्वास्थ्य चिकित्सा में तय समय पर 98.34 फीसदी लोगों के मामलों का निष्पादन कर दिया गया। श्रम विभाग से जुड़े 92.32 फीसदी लोगों को तय समय पर सेवा दी गई। वहीं परिवहन विभाग से जुड़े 91.38 फीसदी काम तय समय पर निपटाए गए। बता दें कि झारखंड राज्य सेवा देने की गारंटी अधिनियम के तहत विभिन्न सेवाओं से जुड़े कुल 16 हजार से अधिक आवेदन आए थे, जिसमें से 15812 मामलों का निबटारा कर दिया गया। तय समय पर सेवा देने का आंकड़ा 96.32 फीसदी रहा। 101 आवेदन अस्वीकृत किए गए, जबकि 121 आवेदन के निपटारे के लिए प्रोसेसिंग की प्रक्रिया जारी है।

तेजप्रताप के ससुर की ओर इशारा कर बोले
रूडी रोहिणी के 'सारण की बेटी' पर हमला

छपरा। सारण लोकसभा से इखढ प्रत्याशी राजीव प्रताप रूडी ने गुरुवार को नामांकन किया। इसके बाद छपरा के राजेंद्र स्टेडियम में 'जन आशीर्वाद सभा' का आयोजन किया गया। मंच पर केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, बिहार भाजपा के बड़े नेताओं के साथ ही राजद प्रमुख लालू यादव के समधी चंद्रिका राय भी मौजूद थे। बड़ी बात यह रही कि चंद्रिका राय खुद राजीव प्रताप रूडी से 2019 के लोकसभा चुनाव में हार चुके हैं। भाजपा प्रत्याशी के साथ मंच पर बैठने का मौका चंद्रिका राय ने नहीं गंवाया। जनसभा को संबोधित करने का मौका मिला तो उन्होंने लालू परिवार पर जमकर निशाना साधा। 3 मिनट के भाषण में चंद्रिका राय ने रोहिणी और मीसा भारती को बाहरी

उम्मीदवार बताया। चंद्रिका राय के बाद भाजपा प्रत्याशी व सारण सांसद राजीव प्रताप रूडी सभा को संबोधित करने आए। उन्होंने रोहिणी आचार्य के बाहरी होने का मुद्दा उठाया। साथ ही बिना नाम लिए चंद्रिका राय की बेटी ऐश्वर्या राय के मामले को लेकर लालू परिवार पर हमला किया। सभा को संबोधित करते हुए चंद्रिका राय ने कहा कि सारण लोकसभा में यह लड़ाई बाहरी और भीतरी लोगों के बीच है। राजीव प्रताप स्थानीय उम्मीदवार हैं। जबकि रोहिणी आचार्य विदेशी उम्मीदवार हैं। लालू यादव राष्ट्रीय जनता दल के राष्ट्रीय

अध्यक्ष हैं। उन्हें सभी जगह जाना चाहिए, लेकिन पिछले 15 दिनों से सिर्फ सारण में कैंप किए हुए हैं। यह उनके परिवारवाद का परिचायक है। उन्होंने आगे कहा कि मैं आपसे कहना चाहता हूं कि ये लोग सारण और पाटलिपुत्र में अपने आपको बेटी-बहू कह रहे हैं। जबकि पाटलिपुत्र स्थित ससुराल में कभी नहीं गए हैं। ये दोनों लोग (रोहिणी-मीसा) सिर्फ लालू और राबड़ी की बेटी हैं। यह परिवारवाद का नमूना है। राजीव प्रताप रूडी ने कहा कि चंद्रिका राय और बिना नाम लिए उनकी बेटी ऐश्वर्या राय का जिक्र किया। उन्होंने राजद प्रत्याशी रोहिणी आचार्य के नामांकन के दौरान दिया गया चुनावी हलफनामा भी दिखाया। कहा कि इनका पता दीघा, पटना है और वह खुद को सारण की बेटी बताती हैं। जबकि मंच पर मौजूद चंद्रिका राय जी की बेटी, असल में छपरा की बेटी हैं। उनके साथ आप लोगों ने क्या किया। रूडी ने कहा कि किसी की बेटी के बारे में बोलना भाजपा कार्यकताओं के संस्कार में नहीं है। लेकिन यह बातें करते हुए मुझे बहुत तकलीफ हो रही है। क्योंकि ये लोग लगातार मेरे बारे में, सम्राट चौधरी के बारे में बोल रहे हैं।

संक्षिप्त डायरी

एनडीए प्रत्याशी विजय लक्ष्मी कुशवाहा शनिवार को नामांकन करेंगी दाखिल

सीवान। लोकसभा सीट के लिए 6 अप्रैल तक नामांकन किया जा सकेगा। अब तक कुल 5 उम्मीदवारों ने अपना नामांकन पर्चा दाखिल कर दिया है। इसमें निर्दलीय प्रत्याशी हिना शहाब, राजद प्रत्याशी अवध बिहारी चौधरी सहित अन्य प्रत्याशियों शामिल है। वहीं 4 मई को जदयू प्रत्याशी विजय लक्ष्मी कुशवाहा अपना नामांकन पर्चा दाखिल करेंगी। नामांकन के पहले सीवान के गांधी मैदान में चुनावी जनसभा का भी आयोजन किया जाएगा। इसमें प्रदेश के कई बड़े नेता शामिल होंगे। जानकारी देते हुए जदयू जिला अध्यक्ष चंद्रकेतु सिंह ने बताया कि नामांकन और सभी को लेकर सारी तैयारी कर ली गई है। सभा में पूर्व मुख्यमंत्री जीतन राम मांझी, बिहार के दोनों उप मुख्यमंत्री विजय सिन्हा और सम्राट चौधरी, चिराग पासवान, पूर्व सांसद आनंद मोहन, स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडे, लेसी सिंह, जमा खान, जनक चमार, अमरेन्द्र कुमार पांडे, जदयू प्रदेश अध्यक्ष उमेश कुशवाहा सहित कई नेता शामिल होंगे। जन सभा समाप्त होने के बाद विजय लक्ष्मी कुशवाहा नामांकन पर्चा दाखिल करेंगी।

राहुल गांधी ने बदला लोकसभा सीट तो भड़के सम्राट

पटना। लोकसभा चुनाव में रायबरेली से इस बार राहुल गांधी चुनाव लड़ने जा रहे हैं। हमेशा से राहुल गांधी अमेठी से चुनाव लड़ते रहे हैं। इस बार इनकी सीट बदली गई है। कांग्रेस ने अमेठी से किशोरी लाल शर्मा को कैंडिडेट बनाया है। वहीं, अब इस पर सियासत तेज हो गई है। इस मामले पर डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी और विजय सिन्हा ने राहुल गांधी पर जोरदार निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि जिस अमेठी की सीट पर उनका पूरा खानदान चुनाव लड़ रहे थे। वहां से राहुल गांधी, सोनिया गांधी और प्रियंका गांधी भाग खड़ी हुई है। उप मुख्यमंत्री विजय सिन्हा ने राहुल गांधी के रायबरेली से चुनाव लड़ने पर कहा कि भारत में कहीं भी चुनाव लड़े, उनको जनता का समर्थन नहीं मिलने वाला है। उन्होंने कहा कि जिस इंडिया गठबंधन ने उनको प्रधानमंत्री पद के लिए उम्मीदवार के तौर पर लाया था उनको कहीं समर्थन नहीं मिल रहा है। यह विपक्ष के नेता के तौर पर भी कुछ नहीं कर सके हैं। उन्होंने कहा कि यह चुनाव पूरी तरीके से हारेंगे और राहुल गांधी रिजेक्ट हो चुके हैं। तेजस्वी पर पलटवार करते हुए कहा कि उनके पास बोलने को कुछ नहीं है। उनके शासनकाल में दलितों के साथ क्या नहीं हुआ। उनके शासन काल में बच्चों के साथ बलात्कार हुआ। लेकिन, आज तक एक शब्द उनके मुंह से नहीं निकाला। उन्होंने कहा कि ये लोग सामंती प्रथा को लाना चाहते हैं। क्योंकि, यह चार्टर विमान में अपना बर्थडे मनाते हैं और केक काटते हैं। आरक्षण खत्म करने के तेजस्वी के आरोप पर बिहार सरकार के मंत्री जमा खान ने कहा कि वह सिर्फ आरोप लगा सकते हैं। क्योंकि, वह जान चुके हैं कि वह बुरी तरह से हार रहे हैं। 40 सीट पर हम लोग जीत रहे हैं। वहीं, राहुल के वायानाड छोड़कर रायबरेली से लड़ने पर जमा ने कहा कि उनको पता चल चुका है कि वह हार रहे हैं। नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव की ओर से एनडीए के लोगों को दलित विरोधी कहने पर पूर्व मुख्यमंत्री जीतन राम मांझी ने एतराज जताया है। उन्होंने कहा है कि इसीलिए जमुई में महादलित परिवार के महिला को गाली दी गई। राहुल गांधी के रायबरेली से चुनाव लड़ने पर उन्होंने कहा कि पांच जगह से भी अगर चुनाव लड़ेंगे तो हार जाएंगे।

नालंदा के मिर्चायगंज में पानी की किल्लत

नालंदा। के नूरसराय प्रखंड अंतर्गत मामूराबाद पंचायत के मिर्चायगंज गांव में डेढ़ सौ घरों की आबादी जल संकट से जूझ रही है। पानी के लिए गांव में हाहाकार मचा हुआ है। जिनकी सूद लेने वाला कोई नहीं है। नल जल के लिए गांव में पाइप तो बिछा दी गई है लेकिन घरों में कनेक्शन नहीं दिया गया है। जिसके कारण ग्रामीणों को पानी के लिए इधर-उधर भटकना पड़ रहा है। गांव के लोगों को पानी के लिए बगल गांव के निजी बोरिंग का सहारा लेना पड़ रहा है। गांव में एक चापाकल भी लगी थी, लेकिन पानी का लेयर नीचे जाने के कारण वह भी फेल हो चुका है। लोगों को अपने नित्य क्रिया के लिए भी परेशानियों का सामना उठाना पड़ रहा है। पानी की समस्या को लेकर ग्रामीणों ने विरोध दर्ज कराते हुए कहा कि गांव में बोरिंग कराया जाए ताकि उन लोगों की समस्या दूर हो सके। छोटे बच्चों से लेकर घर की महिलाएं,बड़े,बुजुर्ग पानी जमा करने में ही लगे रहते हैं। मवेशियों को भी अब रखना चुनौती बन रही है। अगर हम लोगों की पानी की समस्या दूर नहीं हुई तो हम लोग वोट नहीं करेंगे। इस मौके पर राहुल कुमार, रविंद्र पासवान, बालक यादव, आनंद साव, सुबोध राम, दीपक कुमार, नंदू पंडित, महेंद्र पंडित, मिथिलेश पंडित, शिव पासवान, धर्मेंद्र मिस्त्री, नरेश पासवान, रावण यादव, साधु यादव, धर्मेंद्र राम, वीरेंद्र राम, धर्मेंद्र यादव, विजय पासवान, विनय पासवान, रंजय यादव समेत अन्य ग्रामीण मौजूद रहे। वहीं पीचईडी के कनीय अभियंता नीरज कुमार शर्मा ने बताया की पानी का पाइप प्रॉपर तरीके से नहीं बिछाए जाने के कारण ऊंचे स्थान वाले घरों में नहीं पहुंच पा रहा ग्रामीणों के द्वारा बिछाए गए पाइप को बीच में ही जगह-जगह काट दिया गया है। जिसके कारण पानी का फ्लो सभी घरों में नहीं पहुंच रहा है। जल्द ही इन समस्याओं को दूर कर लिया जाएगा।

तेजस्वी का प्रधानमंत्री पर तंज कहा- बेरोजगारी और महंगाई पर नहीं बोलते बीजेपी के लोग

दरभंगा। पीएम मोदी के दरभंगा दौरे से पहले नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने सियासी वार किया है। तेजस्वी यादव ने शुक्रवार को चुनावी प्रचार में निकलने से पहले दरभंगा में मीडिया से बात की। उन्होंने कहा कि शनिवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी दरभंगा आ रहे हैं। उनके हिसाब से तो दरभंगा एम्स बन चुका है। तो कल वे एम्स का मुआयना करेंगे कि कितना बढ़िया अस्पताल चल रहा है।

सबका इलाज हो रहा है की नहीं हो रहा है। उन्होंने कहा कि लगातार 10 साल नरेंद्र मोदी जी प्रधानमंत्री रहे हैं। इन्होंने केवल लोगों को ठगने का काम किया है। केवल झूठ बोला है। तेजस्वी ने कहा कि पीएम मोदी का बेरोजगारी और महंगाई पर ध्यान नहीं है। तेजस्वी यादव ने हमारी 17 महीने की सरकार में हम लोगों ने एम्स के लिए नई जमीन दी। साथ ही डीएमसीएच के विस्तार का फैसला लिया। ताकि 2500 बेड का सुपर स्पेशलिटी अस्पताल हो जाए, ठीक उसी तर्ज पर जैसे पीएमसीएच बन रहा है। जब हम स्वास्थ्य मंत्री थे। उसी वक्त हमलोगों ने निर्णय लिया था। तेजस्वी ने कहा कि दरभंगा एयरपोर्ट का टर्मिनल अभी तक ढंग से बनकर तैयार नहीं हुआ है। प्लेन आ रही है, लेकिन टिकट की कीमतें पूरे देश में सबसे महंगी हैं। अमित शाह आ रहे हैं। तो कभी प्रधानमंत्री आ रहे हैं। यानी उनके जो स्थानीय व एलाइंस के नेता है, सभी बेकार है।

अमेठी के बाद रायबरेली भी जाना बंद करेगी कांग्रेस

बेगूसराय। बीजेपी के फायर ब्रांड नेता गिरिराज सिंह ने अमेठी से गांधी परिवार के बदले किशोरी लाल शर्मा को टिकट दिए जाने पर कांग्रेस पर जोरदार तंज कसा है। इसके साथ ही उन्होंने असदुद्दीन ओवैसी पर भी जोरदार हमला किया है। शुक्रवार को बेगूसराय में पत्रकारों से बात करते हुए गिरिराज सिंह ने कहा कि गांधी परिवार जहां से चुनाव हारती है वहां दोबारा नहीं जाती है। अमेठी से गांधी परिवार हार गया, राहुल गांधी हार गए तो अमेठी को छोड़ दिया। इस बार रायबरेली भी हारेंगे तो वहां छोड़ देंगे। गिरिराज सिंह ने

कहा मैं पहले से कहा रहा हूं कि जैसे बहादुर जफर शाह मुगलिया सल्तनत के अंतिम बादशाह थे, उसी तरह से रायबरेली भी गांधी फैमिली की अंतिम कहानी है। राहुल गांधी अमेठी से भी चुनाव हारकर भागेंगे। असदुद्दीन ओवैसी द्वारा हैदराबाद में वफादारों का राज रहने और राजकारों के पाकिस्तान भाग जाने संबंधी बयान दिए जाने पर गिरिराज सिंह ने कहा कि ओवैसी के पास शब्द की कमी है। वह किसी को सम्मान देना नहीं जानते हैं, मोदी तुमको भी हराएंगे और अमित शाह तुमको भी हराएंगे कहना अहंकार है। गिरिराज सिंह ने कहा कि जो व्यक्ति लोकसभा के अंदर राष्ट्रीय गान और राष्ट्रीय गीत में खड़ा नहीं होता है। ओवैसी के संसद में इस अवसर पर खड़ा रहने का कहीं रिकॉर्ड नहीं है। जो व्यक्ति राष्ट्रगीत और राष्ट्रगान में खड़ा नहीं रहता है, वह अपने को वफादार की सूची में नाम बता रहे हैं।

हैदराबाद में मजदूर बनकर रह रहा था पशु तस्करों ने एसएचओ को मारी थी गोली

समस्तीपुर। के बहुचर्चित मोहनपुर एसएचओ नंद किशोर यादव हत्याकांड में पुलिस ने एक और बदमाश को हैदराबाद से गिरफ्तार किया है। इस अपराधी पर सरकार ने 25 हजार का इनाम घोषित कर रखा था। गिरफ्तार आरोपी की पहचान नालंदा जिला के चिकसौरा थाना क्षेत्र के भवानी गांव के रहने वाले तनिक प्रसाद के पुत्र अनुज कुमार के रूप में की गई है। यह बदमाश हैदराबाद के पतनचेरू में छुपकर एक चावल फैक्ट्री में मजदूर के रूप में काम कर रहा

था। इस हत्याकांड में अब तक एसआईटी की टीम ने इससे पूर्व 9 अपराधियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा था। गिरफ्तार अपराधी पर 25 हजार रुपये का इनाम भी घोषित था। मोहनपुर थानाध्यक्ष नंद किशोर यादव हत्याकांड में 10वें अपराधी की गिरफ्तारी की पुष्टि पुलिस अधीक्षक विनय तिवारी ने की है। उन्होंने कहा कि इस मामले में फरार एक और बदमाश को गिरफ्तार कर जेल भेजा जा रहा है। गत वर्ष 15 अगस्त 2023 की तड़के सुबह लगभग 2:30 बजे उजियारपुर थाने के शहबाजपुर गांव के पास पशु तस्करों ने छापेमारी के दौरान मोहनपुर ओपी के थानाध्यक्ष नंदकिशोर यादव को गोली मार दी थी। बाद में उपचार के दौरान पटना में उनकी मौत हो गई थी। इस मामले में उजियारपुर थाने में प्राथमिकी दर्ज की गई थी। ये लोग चोरी किए गए पशु को दो तरह से खपाते थे। जो पशु दूधारू नहीं होते थे, उसे कसाई बाजार में भेज देते थे। वहीं जो पशु दूधारू होते, उसे विभिन्न एजेंट के माध्यम से बेचने का काम करते थे। गिरोह के सदस्य अलग-अलग तरीके से इस काम को अंजाम देते थे। गिरोह के सदस्य हथियार से लैश होकर पशु चोरी के लिये पहुंचते थे।

तेजस्वी मधेपुरा के एचएस कॉलेज मैदान में करेंगे सभा

मधेपुरा। के उदाकिशुनगंज में शुक्रवार को चुनावी सभा करने नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव पहुंचेंगे। राजद जिलाध्यक्ष जयकांत यादव ने बताया कि हरिहर साहा कॉलेज मैदान में पूरी तैयारी कर ली गई है। सभा में तेजस्वी दोपहर 1:50 बजे पहुंचेंगे। उनके साथ विकासशील इंसान पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मुकेश सहनी भी मौजूद रहेंगे। इसके साथ ही राजद प्रत्याशी प्रो कुमार चंद्रदीप उनका स्वागत करेंगे और सभी नेता उनके लिए वोट देने की अपील करेंगे।मालूम हो कि मधेपुरा सीट पर इस बार जदयू ने निवर्तमान सांसद दिनेशचंद्र यादव को मौका दिया है। 2019 के लोकसभा चुनाव में उन्होंने राजद के शरद यादव को 3 लाख से अधिक मतों से पराजित किया था। वहीं इस बार राजद ने लोकसभा और राज्यसभा सांसद रहे स्व डॉ आरके यादव रवि के बेटे प्रो कुमार चंद्रदीप को टिकट दिया है। वह पहली बार चुनाव लड़ रहे है। सभा करने आएंगे।

नाराज शराबी पति ने पत्नी को हथियार से किया घायल

जमुई। के टाउन थाना क्षेत्र में मुर्गियां चक गांव में शुक्रवार की सुबह घरेलू विवाद के कारण नाराज शराबी पति ने पत्नी को धारदार हथियार से मारकर घायल कर दिया। घटना की जानकारी स्थानी लोगों ने डायल 112 से पुलिस को दी। मैके पर पहुंची 112 पुलिस की टीम ने घायल महिला को इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया। वहीं आरोपी पति घटन के बाद से फरार चल रहा है और गिरफ्तारी के लिए पुलिस छापेमारी कर रही है। घायल महिला की पहचान टाउन थाना क्षेत्र के शिरा नवादा निवासी गणेश चौधरी की पत्नी उषा देवी के रूप में की गई है। बताया जाता है कि घरेलू विवाद से नाराज होकर उषा देवी को उसके पति गणेश चौधरी ने शराब के नशे में हथियार से मार कर घायल कर दिया। इलाज कर रहे डॉक्टर देवेंद्र कुमार ने बताया कि महिला के सिर पर हमला किया गया है।

बेतिया में आम के बगीचे में मिला युवक का शव

बेतिया। में एक युवक का शव आम की डाली से लटका हुआ मिला है। घटना जिले के नौतन थाना क्षेत्र के बुढवलिया गांव की है। इधर, घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए गवर्नमेंट मेडिकल कॉलेज अस्पताल भेज दी है। मामले की जांच पड़ताल में जुटी हुई है। थानाध्यक्ष राजेश कुमार ने बताया कि प्रथम दृष्टि मामला हत्या का प्रतीत हो रहा है। फिलहाल पुलिस पूरे मामले की जांच पड़ताल में जुटी हुई है। उन्होंने बताया कि मृतक युवक की पहचान जगदीशपुर थाना क्षेत्र के पाठकजी के बजार निवासी सूर्य स्वर्गीय मोहन साह के बेटे सूरज कुमार(18) के रूप में की गई है। सूरज के माता-पिता नहीं हैं। वह दक्षिण तेल्हुआ के बुधवलिया में अपने जीजा बृजेश यादव के घर पर रहता था। युवक की मौत कैसे हुई है, इसको लेकर जांच-पड़ताल की जा रही है। डॉग स्क्वायड की टीम को भी बुलाया गया है। प्रथम दृष्ट्या यह मामला हत्या का लग रहा है। पुर में मजदूरी का काम करता था। खान के आम के बगीचा में पेड़ से लटका हुआ मिला है।

तेजस्वी बोले- मोदी जी रेपिस्ट क । प्रचार कर रहे

बिहार। के पूर्व डिप्टी सीएम तेजस्वी यादव ने पीएम मोदी पर बड़ा हमला बोला है। उन्होंने कहा कि बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ मोदी जी के लिए सिर्फ बोलने के लिए है। असल काम है बलात्कारियों टिकट दो, बलात्कारियों को बचाओ, बलात्कारियों को विदेश भगाओ। गुरुवार को राहुल गांधी ने कर्नाटक के शिवमोगा में चुनाव प्रचार के दौरान भी ये बातें कही थीं। राहुल गांधी ने पीएम पर रेपिस्ट के लिए वोट मांगने का आरोप लगाते हुए कहा कि ह्यवही है मोदी की गारंटी।' दसअसल, तेजस्वी ने यह बयान पूर्व प्रधानमंत्री एचडी देवगौड़ा के पोते प्रज्वल रेवन्ना को लेकर दिया था। कर्नाटक में भाजपा और जेडीएस साथ चुनाव लड़ रही हैं। प्रज्वल पर कई महिलाओं ने रेप और अश्लील वीडियो बनाने का आरोप लगाया है। प्रज्वल रेवन्ना का कथित तौर पर 3000 अश्लील

वीडियो वायरल हुआ है। जिसे लेकर कहा जा रहा है कि हासन सीट से सांसद प्रज्वल रेवन्ना ने कई महिलाओं के साथ जोर जबरदस्ती के साथ यौन शोषण किया और उनके साथ वीडियो बनाया। पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है। जिसकी जांच जारी है। इधर, हासन सीट पर चुनाव होने के बाद प्रज्वल रेवन्ना जर्मनी चले गए। विपक्ष का आरोप है कि वो भाग गए हैं। तेजस्वी यादव के बयान पर बीजेपी प्रवक्ता अरविंद सिंह ने पलटवार किया है। उन्होंने कहा कि जैसा अन्न खाइएगा वैसा ही दिमाग हो जाएगा। घोटालों के पैसे के अन्न खाने की वजह से आपके मन में भी घोटाला हो गया है। 9वीं पास स्टूडेंट को इन

सब की जानकारी भी कम होती है। आपके परिवार और आप पर भी कद्दू की धारा दर्ज है। बीजेपी ने कहा कि किसी के पिता पर आरोप लगता है तो उसका बेटा दोषी नहीं होता है। उन्होंने कहा कि आपने बेटियों को अपहरण करने वालों का साथ रखा है। उस पर कुछ क्यों नहीं बोल रहे हैं। तेजस्वी यादव ने आगे कहा,भाजपा के पास कोई मुद्दा तो है नहीं। वे सिर्फ एक ही बात कहते हैं। जहां 5 लाख लोगों को रोजगार मिला। वो जंगलराज कैसे हो सकता है? 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओं' ये सिर्फ बोलने के लिए है। उनका (भाजपा) असल काम है 'बलात्कारियों को बचाओ, बलात्कारियों को विदेश भगाओ' रह गया है। महिला पहलवानों का जिक्र करते हुए तेजस्वी यादव ने कहा महिला पहलवानों के साथ जो हो रहा था वो कौन सा राज था? हमने तो उत्तर प्रदेश के लोगों को भी नौकरी दी है। लोग वहां से भाग-भाग कर यहां (बिहार) आ रहे हैं। प्रधानमंत्री तो नुक्कड़ सभा करने पर आ गए हैं। हम कह रहे हैं कि ट्रंप-पुतिन बचे हैं, उन्हें भी बुला लीजिए। पीएम मोदी ने 14 अप्रैल को इसी प्रज्वल के समर्थन में मैसूर में रैली कर रहे थे। तब मोदी ने कहा था, 'आज भारतीय राजनीति में देवगौड़ा सीनियर मोस्ट नेता हैं। उनसे आशीर्वाद प्राप्त करना बहुत बड़ा सौभाग्य है। मोदी को मजबूती देगा। देश का भविष्य तय करेगा।' इसी का हवाला देते हुए पहले राहुल और अब तेजस्वी पीएम पर निशाना साधा है। राहुल ने कहा, ह्यकर्नाटक में सबसे बड़ा इश्यू प्रज्वल रेवन्ना का है।

बरेली, बदायूं में विपक्ष पर जमकर बरसे अमित शाह कहा- सपा-कांग्रेस परिवारवादी, ये जनता का भला नहीं कर सकते

बरेली। गृहमंत्री अमित शाह ने बृहस्पतिवार को बरेली में भाजपा प्रत्याशी के समर्थन में जनसभा को संबोधित किया। हार्टमैन रामलीला मैदान में दोपहर करीब दो बजे उन्होंने भारत माता की जय से अपने भाषण की शुरूआत की। शाह के निशान पर सपा और कांग्रेस रही। अखिलेश यादव और राहुल गांधी पर जमकर तंज कसे। अमित शाह ने कहा कि हमारे सामने इंडी गठबंधन चुनाव लड़ रहा है। इनके शहजादे राहुल गांधी ने चुनाव की शुरूआत भारत जोड़ो यात्रा से की थी। मगर चार जून के बाद कांग्रेस ढूंढ़ो यात्रा से इसका समापन होने वाला है। दो चरण के चुनाव में दूरबीन से भी कांग्रेस नजर नहीं आ रही है। उन्होंने कहा कि यह चुनाव देश के अर्थतंत्र को दुनिया के तीसरे नंबर का अर्थतंत्र बनाने का चुनाव है। तीन करोड़ लखपति दीदी बनाने का चुनाव है। आतंकवाद और नक्सलवाद समाप्त करने का चुनाव है। अमित शाह ने लोगों से पूछा कि अयोध्या में राम मंदिर बनना चाहिए था या नहीं। कहा कि कांग्रेस पार्टी 70 साल से राम मंदिर के मसले को अटका रही थी। नरेंद्र मोदी दूसरी बार प्रधानमंत्री बने। उन्होंने पांचवीं साल में 22 जनवरी को प्राण प्रतिष्ठा कर जय श्रीराम किया। शाह ने कहा कि सपा के मुखिया अखिलेश यादव, डिंपल और राहुल गांधी और प्रियंका गांधी को निमंत्रण गया, लेकिन इनमें से कोई नहीं गया। क्योंकि इनका डर था तो वहां जाएंगे तो वोटबैंक खिसक जाएगा। ये लोग हमेशा तुष्टिकरण की राजनीति करते हैं। शाह ने कहा कि हमारी सरकार ने 130 करोड़ लोगों को कोरोना के दोनों टीके लगाकर देश को सुरक्षित करने का काम किया है। कहा कि संतोष गंगवार के लिए पार्टी ने कुछ अलग भूमिका सोची है, इसलिए छत्रपाल सिंह गंगवार को प्रत्याशी बनाया गया। गृहमंत्री ने कहा कि सपा की सरकार में पूरी यूपी दंगों की आग में झोंका हुआ था। 2010 और 2012 में बरेली में भीषण दंगे हुए। सपा और कांग्रेस वाले कहीं बरेली वालों के साथ खड़े नहीं हुए। 2017 साल में भाजपा की सरकार बनी। योगी आदित्यना मुख्यमंत्री बने। उन्होंने यूपी को दंगा मुक्त कराने का काम किया। वेस्ट यूपी से सपा के राज में पलायन होता था। योगीराज में गुंडों का पलायन हो रहा है। गृहमंत्री ने कहा कि सपा की सरकार में पूरी यूपी दंगों की आग में झोंका हुआ था। 2010 और 2012 में बरेली में भीषण दंगे हुए। सपा और कांग्रेस वाले कहीं बरेली वालों के साथ खड़े नहीं हुए। 2017 साल में भाजपा की सरकार बनी। योगी आदित्यना मुख्यमंत्री बने। उन्होंने यूपी को दंगा मुक्त कराने का काम किया। वेस्ट यूपी से सपा के राज में पलायन होता था। योगीराज में गुंडों का पलायन हो रहा है। उन्होंने कहा कि सपा और कांग्रेस परिवारवाद पार्टी हैं। अखिलेश यादव को यादव समाज मानता है हमारे नेता हैं, लेकिन कन्नौज से खुद अखिलेश चुनाव लड़ रहे हैं। मैनपुरी से डिंपल, फिरोजाबाद से अक्षय, बदायूं से आदित्य और आजमगढ़ से धर्मेंद्र यादव हैं। कहा कि सपा के समय में यूपी में देसी कट्टे बनाने कारखाने थे। आज कट्टों की जगह तोप और मिसाइल बनाने का कारखाना लगा, जो पाकिस्तान को गोले बरसाने का काम करेगा। अखिलेश यादव मुख्यमंत्री बनना चाहते हैं। सोनिया राहुल गांधी को प्रधानमंत्री बनना चाहते हैं। ये लोग जनता का भला नहीं कर सकते हैं। सपा बसपा पर साधा निशाना बदायूं। गृहमंत्री अमित शाह ने बृहस्पतिवार को बदायूं के इस्लामिया इंटर कॉलेज मैदान में भाजपा प्रत्याशी के समर्थन में जनसभा को संबोधित किया। उन्होंने कांग्रेस, सपा-बसपा पर जमकर निशाना साधा। परिवारवाद को लेकर अखिलेश यादव को घेरा। उन्होंने कहा कि अखिलेश यादव अपने आप को यादवों का नेता कहते हैं। मैंने उनसे पूछता हूं कि आपको अपने परिवार के सिवाय कोई यादव नहीं दिखता। अखिलेश, डिंपल, धर्मेंद्र, अक्षय और आदित्य चुनाव लड़ रहे हैं। पांचों यादवों इन्होंने अपने परिवार से दे दिए। बदायूं के यादवों का नंबर कभी लगने वाला है या नहीं।

संदिग्ध परिस्थिति में युवक की जहर खाने से मौत

बरेली। संदिग्ध परिस्थितियों में युवक की जहर खाने से मौत हो गई। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। परिजनों का आरोप है कि उसको किसी ने जहर देकर मारा है। थाना सुभाषनगर के श्याम कालोनी निवासी विनोद मिश्रा के २८ वर्षीय बेटे हर्षित मिश्रा की संदिग्ध परिस्थितियों में जहर खाने से मौत हो गई। परिजनों का आरोप है कि उसे किसी ने जहर दिया। जिस कारण उसकी मौत हुई है। वहीं घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक ड्रायवरी करता था।

संक्षिप्त डायरी

छात्र का मोबाइल छीन कर भाग रहे दो लूटेरे दबोचे कोचिंग से पढकर आ रहा था छात्र, पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ की रिपोर्ट दर्ज

बरेली। कोचिंग से लौटते समय टेंपो से आ रहे छात्र से बाइक सवार युवकों ने मोबाइल छीन लिया। लेकिन पकड़ मजबूत होने के कारण बाइक सवार गिर गए। इस दौरान वहां से गुजर रहे छात्र के भाई ने व छात्र ने दोनों मोबाइल लूटेरों को पकड़ लिया। और पुलिस के हवाले कर दिया। थाना इज्जतनगर के फरीदापुर चौधरी निवासी वसीक अहमद का बेटा अवान अहमद कंपटीशन की तैयारी कर रहा है। देर शाम वह अपने भाई अल्तमस अहमद के साथ कोचिंग से पढकर वापस लौट रहा था। तभी दो युवक ने उसकेमोबाइल पर झपट्टा मार कर मोबाइल छीनने की कोशिश की। लेकिन मोबाइल पर पकड़ होने के कारण युवकों की बाइक गिर गई। दोनों भाईयों ने आरोपी युवकों को मौके पर पकड़ लिया। शोर सुनकर वहां भीड़ एकत्र हो गई। दोनों युवकों को पुलिस केहवाले कर दिया। पकड़े गए युवकों ने अपना नाम रितिक सागर पुत्र किशन लाल, विकास शर्मा पुत्र अजय शर्मा निवासीगण रोड नंबर छ रेलवे कालोनी इज्जतनगर बताया। दोनों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

यात्री स्टैंड के नीचे ठेला लगाकर किया कब्जा, पुरानों की हालत हुई खस्ता

बरेली। चौकी चौराहे पर सासंद निधि से बनाए गए यात्री स्टैंड के नीचे एक दुकानदार ने ठेला लगाकर कब्जा कर लिया है, लेकिन नगर निगम के अधिकारी इधर ध्यान नहीं दे रहे हैं। यही कारण है कि इस यात्री स्टैंड की कुर्सी तक चुर गई है। यह स्टैंड सिर्फ खड़े होने लायक ही बचा है। कई बार लोग धूप से बचने के लिए इसका सहारा लेते हैं लेकिन उन्हें इसके नीचे खड़ा रहना पड़ता है। इस स्टैंड की कुर्सी और रेलिंग टूटने से मोटर साइकिल और ई-रिक्शा व साइकिल रिक्शा वाले दोपहर के समय खड़े रहते हैं। क्योंकि गाड़ी या रिक्शा रेलिंग न होने से अंदर चला जाता है। बता दें कि शहर भर में ऐसे कई यात्री स्टैंड हैं जिन पर लोगों ने कब्जा कर लिया है। चौकी चौराहा, चौपुला और पटेल चौक रोड पर बने यात्री स्टैंड पर खोखे और ठेले वालों ने कब्जा कर दुकान खोल ली है। इन कब्जेदारों की वजह से इन स्टैंडों की रेलिंग और कुर्सी तक गायब हो गई हैं। नगर निगम के अफसर शहर में नए स्टैंड बनाने पर जोर दे रहे हैं लेकिन पुराने किसी को याद नहीं है। देखरेख न होने की वजह से यह स्टैंड गिरने की कगार पर हैं और इन पर कब्जा हो गया है। इस मामले में विभागीय अधिकारियों से बात की तो उन्होंने बताया कि कई बार इन स्टैंडों को कब्जामुक्त कराया जा चुका है लेकिन ठेले और खोखे वाले मानने को तैयार नहीं हैं। अगर अब कोई ठेले या खोखे वाला यात्री स्टैंड के नीचे मिला तो उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

गन्दगी और मच्छरों के प्रकोप से नगर वासी परेशान। तीन सभासद चेयरमैन के विरोध मे उतरे

देवरनियां। नगर पंचायत देवरनियां मे इन दिनों गन्दगी और मच्छरों के प्रकोप से नगर वासी परेशान हैं। जिसको लेकर उनमे रोष है। उधर चेयरमैन की कार्यप्रणाली को लेकर पांच वार्ड सभासदों ने चेयरमैन के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। नगर पंचायत देवरनियां मे सफाई व्यवस्था चरमा गयी है,हर तरफ गन्दगी के अम्बार लगे हुए हैं,मगर नगर पंचायत प्रशासन इस तरफ से बेखबर है। गन्दगी के कारण ही नगर मे मच्छरों का प्रकोप बना हुआ है,जिससे नगर वासी खासे परेशान तो हैं ही,साथ ही बीमारी फैलने का खतरा भी बढ गया है। जबकि अभी संचारी रोग अभियान चलाया गया था। मच्छरों के बचाओ के लिए दवाई का छिडकाव भी नहीं कराया गया है। जबकि नगर के वार्ड 12 के सभासद मोहम्मद जीशान,मोहम्मद वार्ड 10 के सभासद मोहम्मद खालिद, वार्ड तीन के सभासद अमित कुमार,और वार्ड 5 के सभासद रधुवीर, वार्ड नौ के सभासद तहसीन बेग ने नगर पंचायत चेयरमैन पर उपेक्षा का आरोप लगाया है। उनका कहना है,कि चेयरमैन ने काफी समय से बोर्ड बैठक नहीं बुलाई है। एक वर्ष मे सिर्फ.दो बार ही बोर्ड बैठक हुई है। और मच्छरों के बचाओ के दवाई छिडकाव भी नहीं कराया गया है। वार्ड मे 42 खम्बों पर लाइट नहीं लगी हुई हैं,जबकि वार्ड बारह मे नाली न बनाने को लेकर रोड का निर्माण अधुरा छोड दिया है। इधत चेयरमैन मोहम्मद कलीम अन्सारी ने सभासदों के आरोपों पर सफाई देते हुए कहा कि उनके द्वारा कोई उपेक्षा नहीं की जा रही है,दवाई का छिडकाव भी कराया गया है।

गला रेत कर पत्नी की हत्या, घटना को अंजाम देने के बाद अरोपी फरार दहेज में करता था दो लाख रुपये और बुलेट बाइक की मांग

बरेल। एक युवक ने अपनी पत्नी की चाकू से गला रेत कर हत्या कर दी। हत्या करने के बाद आरोपी पति फरार हो गया। जब पड़ोस में रहने वालों ने इसकी जानकरी मृतका के परिवार वालों को दी। परिवार वाले जब महिला की ससुराल पहुंचे तो घर में खून से लतपथ उसका शव पड़ा हुआ था। उन्होंने तुरंत ही इसकी सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। और आरोपी पति की तलाश शुरू कर दी है। थाना बहेड़ी निवासी जफर अली ने अपनी २२ वर्षीय बेटी फराह का विवाह अब से दो साल पहले नवाबगंज के जयनगर के रहने वाले मकसूद से किया था। शादी के बाद से ही मकसूद कम दहेज के ताने देकर उनकी बेटी को प्रताड़ित करता रहता था। वह उससे दहेज में दो लाख रुपये और बुलट बाइक की मांग कर उसे मारता पीटता था। आरोप है कि बुधवार को मकसूद ने फराह की चाकू से गला रेत कर हत्या कर दी। घटना को अंजाम देने के बाद वह फरार हो गया। पड़ोसियों ने जब इसकी जानकारी परिवार को दी तो वह लोग उसकी ससुराल पहुंचे। जहां फराह का शव खून से लतथप पड़ा हुआ था। तुरंत ही परिवार वालों ने इसकी जानकारी पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। परिजनों की तहरीर के आधार पर आरोपी पति की तलाश शुरू कर दी है।

गाली-गलौज का विरोध करना महिला को पड़ा भारी, दबंगों ने कीं अश्लील हरकतें

बरेली। घर के बाहर गाली गलौज कर रहे दबंगों का विरोध करना महिला के लिए महंगा पड़ गया। पहले तो दबंगों ने महिला से अश्लील हरकतें की, बचाव में आए परिवार को लाठी-डंडों से पीट दिया। पीड़िता ने एसएसपी कार्यालय पहुंचकर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। बता दें, मीरगंज थाना क्षेत्र में एक महिला ने आरोप लगाया है कि एक मई की शाम को करीब 8 बजे पास के रहने वाले पप्पू और नारायण दास उनके दरवाजे पर शराब के नशे में धुत होकर गंदी-गंदी गालियां देने लगे, जब महिला ने इसका विरोध किया तो दोनों लोगों ने उसे दरवाजे पर दबोच लिया। महिला के कपड़े फाड़ दिए और उसके साथ अश्लील हरकतें करने लगे। वहीं शोर मचाने पर उसके पति और ससुराल वाले आ गए तो दोनों लोग भाग गए। इसके बाद दोनों अपने साथियों संग लाठी-डंडे लेकर आ धमके और परिवार के साथ जमकर मारपीट की, जिसमें परिवार वालों के काफी चोटें आई हैं। पीड़िता ने अपने पति संग एसएसपी कार्यालय पहुंचकर मामले की शिकायत करते हुए कार्रवाई की मांग की है।

पत्नी को मायके छोड़कर आ रहे युवक की सड़क हादसे में मौत

बरेली। पत्नी को मायके छोड़कर अपने घर जा रहे युवक को तेज गति से जा रहे ट्रक ने टक्कर मार दी। जिससे युवक की मौके पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। आज युवक की पहचान भमोरा निवास खेमपाल के रूप में हुई है। अभी 2 महीने पहले ही उसकी शादी हुई थी। उसकी पत्नी का रो रो कर बुरा हाल है। थाना भमोरा के चाडपुर नवदिया निवासी 30 वर्षीय खेमपाल पुत्र राम मूर्ति गुरुवार को अपनी पत्नी कविता को बाइक से उसके मायके लोहारी गांव छोड़कर आ रहा था। इस दौरान भोलापुर के पास उसे तेज गति से जा रहे ट्रक ने टक्कर मार दी। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। आज उसके शव की शिनाख्त होने पर जब इसका पता परिवार को चला तो कोहराम मच गया। 2 महीने पहले ही खेमपाल की शादी हुई थी। उसकी पत्नी कविता का रो-रो कर बुरा हाल है।

सांसद की कोठी के पीछे मिला युवक का शव, मचा क्षेत्र में हडकंप

मौके पर पहुंचे पुलिस के आला अधिकारी

बरेली। कांधरपुर में सांसद की कोठी के ठीक पीछे एक युवक की हत्या कर उसके शव को फेंक कर हत्यारे फरार हो गए। वहां से गुजर रहे लोगों ने जब युवक के शव को देखा तो कोहराम मच गया। घटना की सूचना से क्षेत्र में हडकंप मच गया। मौके पर पुलिस के आला अधिकारियों ने पहुंच कर शव क पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और जांच में जुट गई। परिजनों ने किसी से भी रंजिश की बात से इनकार किया है। थाना कैंट के झील गौटिया निवासी ३० वर्षीय हरीओम पटेल पुत्र स्वर्गीय शिव प्रशाद रेता बजरी की दुकान पर मजदूरी करता था। रात को सात बजे के बाद वह खाना खाने के बाद टहलने की बात कह कर घर से निकला। आज सुबह परिवार वालों को सूचना मिली की उसका शव आंवला सांसद धर्मेंद्र कश्यप की कोठी के पीछे खाली प्लाट में पड़ा हुआ है। जब इसका पता परिवार को चला तो कोहराम मच गया। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक के परिवार को जब इसका पता चला तो कोहराम मच गया। मृतक दो भाई और दो बहनों में सबसे छोटा था। उसका बड़ा भाई लाल करण साऊदी अरब में काम करताा है। मृतक अपनी मां विद्रा देवी और भाभी निरलेश के साथ रहता था जब इसका पता परिवार को चला तो कोहराम मच गया। शरीर पर चोट के निशान हाथ पैर बंधे थे रस्सी से मृतक हरिओ की हत्या करने से पहले उसके हाथ पैर को बांध कर उसका टाउचर किया गया। उसको मारापीटा भी। जिससे उसके मुंह और शरीर पर चोट के निशान थे। और उसके बाद उसका गला पर भी निशान थे मारने पीटने के बाद उसकी गला दवा क हत्या कर दी। अर्धनग्न था शव हरिओम केदोनो हाथ पैर रस्सी से बंधे हुए थे। उसकी शर्ट भी नहीं थी। अंदाजा लगाया जा रहा है मामला प्रेम प्रसंग का हो सकता है। आरोपियों ने उसे पकड़ लिया होगा और उसके बाद उसको टाउचर करने के बाद मार दिया। फिलहाल पुलिस कई विंदुओं पर जांच कर रही है। परिवार ने किसी से भी रंजिश होने से इनकार किया है।

अखिलेश यादव ने बीजेपी को आड़े हाथों लिया कहा भाजपा संविधान बदलना चाहती है; इलेक्टोरल बॉन्ड और किसानों के मुद्दों पर भी घेरा

बरेली । आंवला लोकसभा एवं बदायूं लोकसभा में सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव भाजपा पर जमकर बरसे उन्होंने गुरुवार को सपा प्रत्याशी आदित्य यादव के और आंवला प्रत्याशी नीरज मौर्य के समर्थन में जनसभा को संबोधित किया। चुनावी रैली के मंच पर पूर्व मंत्री शिवपाल सिंह यादव, सलीम इकबाल शेरवानी और पूर्व विधायक आबिद रजा समेत तमाम पदाधिकारी भी मौजूद रहे। अखिलेश यादव ने जनसभा को संबोधित करते हुए भाजपा पर जमकर निशाना साधा। अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा के लोग संविधान और हमारी आपकी जान के पीछे पड़े हैं। ये संविधान बदलना चाहते हैं। जिन्होंने वैक्सीन लगवाई, वो लोग भी भाजपा के खिलाफ मतदान करेंगे। ये भाजपा वाले आपदा में अवसर देख रहे थे। इलेक्टोरल बॉन्ड के नाम पर जो वसूली की है। ईडी, सीबीआई और इनकम टैक्स का डर दिखाकर इनकी सरकार से न केवल संविधान को खतरा है बल्कि इनके फैसलों से जान का भी खतरा है। दस साल में इनकी बातें झूठी निकलीं। यही दिल्ली वाले आते थे, कहते थे आमदनी दोगुनी कर देंगे। लेकिन किसी की आय दोगुनी नहीं हुई क्या? सपा मुखिया ने कहा कि भाजपा के लोग कहते है कि 80 करोड़ लोगों को राशन बंटवा दिया और दूसरी तरफ कह रहे हैं कि हम गरीबी रेखा से लोगों को बाहर निकाल रहे हैं। अखिलेश यादव ने कहा कि हम पौष्टिक आटा के साथ डाटा भी निशुल्क देंगे। अखिलेश ने कहा कि बीते 10 साल में एक लाख किसानों ने आत्महत्या की है। भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा कि इन्होंने हमारे किसानों का कर्ज माफ नहीं किया। बड़े-बड़े उद्योगपतियों और खासमखास लोगों का कर्ज माफ किया। अखिलेश ने पेपर लीक मुद्दों पर भी सरकार को घेरा।

हिन्दू विवाह पर सर्वोच्च अदालत का स्वागतयोग्य फैसला

ललित गर्ग

हाल के वर्षों में, भारत में हिन्दू विवाह परम्परा एवं संस्कृति से अनेक विसंगतियां एवं विकृतियां जुड़ गयी है, डेटिंग संस्कृति की शुरूआत के साथ, लव-मेरिज का प्रचलन बढ़ा है। संभावित दूल्हा और दुल्हन अपने दम पर जीवनसाथी चुनना पसंद करते हैं। आज के रोमांटिक-रिश्ते वास्तव में विवाह नहीं हैं, बल्कि एक नई प्रथा है, जिसके विपरीत प्रभाव से परिवार-संस्था बिखरने लगी है। विवाह के साथ प्रीवेडिंग का प्रचलन भी अनेक विकृतियों का वाहक बना है, बड़े-बडे. भव्य आयोजन एवं होटल संस्कृति ने भी विवाह की पवित्रता को धुंधलाया है। आयोजनों में शराब एवं अन्य नशों का बड़ा प्रचलन भी दुर्घटनाओं का कारण बना है। जिनके कारण विवाह होने से पहले ही उसमें दरारें पड़ते हुए देखी गयी है।

देश की सर्वोच्च अदालत ने हिन्दू विवाह को लेकर बड़ा फैसला देकर न केवल हिन्दू विवाह के संस्कारों एवं पारंपरिक रिवाजों को पुष्ट किया है बल्कि उन्हें कानूनी दृष्टि से आवश्यक स्वीकार किया है। आज जबकि हिन्दू विवाह की पवित्रता एवं परम्परा तथाकथित आधुनिक जीवन एवं प्रभाव के कारण धुंधली होती जा रही है, पाश्चात्य संस्कृति की आंधी में हिन्दू विवाह की पवित्रता समाज में समय के साथ घटी है और उसमें सुधार एवं सुदृढ़ता की जरूरत है। जो लोग विवाह को मात्र एक पंजीकरण मानते हैं, उन्हें चेत जाना चाहिए। उन्हें सात फेरों का अर्थ समझना होगा। बिना सात फेरों, हिन्दू रीति-रिवाजों एवं वैवाहिक आयोजनों के कोर्ट की दृष्टि में भी विवाह मान्य नहीं होगा। हिंदू विवाह पर कोर्ट का ताजा फैसला न केवल स्वागतयोग्य है बल्कि इसके दूरगामी परिणाम सुखद होंगे। इससे हिन्दू संस्कृति एवं संस्कारों को बल मिलेगा। पारिवारिक-संस्था को मजबूती मिलेगी।

हिंदू विवाह से जुड़ा यह फैसला सुनाते हुए सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि शादी ह्यगाने और डांसह्ल, ह्यशराब पीने और खानेह्ल का आयोजन या अनुचित दबाव डालकर दहेज और गिफ्ट्स की मांग करने का मौका नहीं है। विवाह कमर्शियल ट्रांजैक्शन नहीं है। यह एक गंभीर बुनियादी सांस्कृतिक एवं पारिवारिक आयोजन है, जिसे एक पुरुष और एक महिला के बीच संबंध बनाने के लिए मनाया जाता है, जो भविष्य में एक अच्छे परिवार के लिए पति और पत्नी का दर्जा प्राप्त करते हैं। यह भारतीय हिन्दू समाज-व्यवस्था की एक बुनियादी इकाई एवं मजबूत सांस्कृतिक एवं पारिवारिक आयाम है। दरअसल सुप्रीम कोर्ट ने साफ किया है कि बिना सात फेरों के हिन्दू विवाह को मान्यता नहीं मिल सकती है अर्थात शादी के लिए हिन्दू विवाह अधिनियम में जो नियम और प्रावधान बनाए गए हैं उसका पालन करना होगा। इस तरह कोर्ट ने अपने फैसले में हिंदू विवाह अधिनियम 1955 के तहत हिंदू विवाह की कानूनी आवश्यकताओं और पवित्रता को स्पष्ट किया है। अधिनियम के अनुसार, एक हिंदू विवाह किसी भी पक्ष के पारंपरिक संस्कारों और समारोहों के अनुसार संपन्न किया जाएगा। समारोहों में सप्तपदी (दूल्हा और दुल्हन द्वारा पवित्र अग्नि के चारों ओर संयुक्त रूप से सात कदम उठाना) शामिल है, और जब वे सातवां चरण एक साथ लेते हैं तो विवाह पूर्ण और बाध्यकारी हो जाता है। कुल मिलाकर हिन्दू विवाह एक संस्था है, संस्कार है और विवाह कोई व्यावसायिक लेन-देन नहीं है।

कोर्ट ने जोर दिया है कि हिंदू विवाह की वैधता के लिए

सप्तपदी (पवित्र अग्नि के चारों ओर सात फेरे) जैसे उचित संस्कार और उससे जुड़े समारोह जरूरी है। विवाद की स्थिति में समारोह के प्रमाण पेश करना जरूरी है। कोर्ट की सात फेरों और उससे जुड़े समारोह का मूल्य समझाने की यह कोशिश हिन्दू विवाह को न केवल मजबूती प्रदान करेंगी बल्कि आधुनिकता की आंधी में धुंधलाते मूल्यों को नियंत्रित करने का काम करेगी। इसमें कोई शक नहीं कि विवाह संस्कार का मूल महत्व पहले की तुलना में कम हुआ है, अब विवाह बहुतों के लिए एक दिखावा, मजबूरी या समझौता भर रह गया है। न्यायमूर्ति बी नागरत्ना ने अपने प्रासंगिक एवं उपयोगी फैसले में बिल्कुल सही कहा है कि हिंदू विवाह एक संस्कार है, जिसे भारतीय समाज में एक महान मूल्य की संस्था के रूप में दर्जा दिया जाना चाहिए। पारंपरिक संस्कारों या सात फेरों जैसी रीतियों के बिना हुए विवाह को हिंदू विवाह अधिनियम की धारा 7 के अनुसार हिंदू विवाह नहीं माना जाएगा। इस वजह से कोर्ट ने युवा पुरुषों और महिलाओं से आग्रह किया हैं कि वो विवाह की संस्था में प्रवेश करने से पहले इसके बारे में गहराई से सोचें और भारतीय समाज में उक्त संस्था कितनी पवित्र है, इस पर विचार करें।

प्रश्न है कि हिन्दू विवाह को लेकर कोर्ट को जागरूक होने एवं हिन्दू संस्कारों को मजबूती देने की जरूरत क्यों पड़ी? हिन्दू विवाह से जुड़े संस्कारों एवं पारंपरिक रीति-रिवाजों को लेकर अनेक मामले कोर्ट की चौखट पर आते रहे हैं, हर बार कोर्ट सजगता, दूरदर्शिता एवं विवेक से विवाह-संस्था से जुड़े मामलों पर अपना नजरिया प्रस्तुत करती रही है। इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ पीठ ने पिछले दिनों यह माना कि हिंदू विवाह अधिनियम के अनुसार, हिंदू विवाह को संपन्न करने के लिए कन्यादान का समारोह जरूरी नहीं है। उस फैसले में भी सप्तपदी के महत्व को दशार्या गया था। मध्यप्रदेश की एक परिवार अदालत के फैसले में महिला पक्ष को यह समझाया गया था कि सिंदूर लगाना एक विवाहित हिंदू महिला का धार्मिक कर्तव्य होता है। सर्वोच्च न्यायालय के ताजा फैसले में ऐसी ही समझाइश की कोशिश झलकती है। कुल मिलाकर, न्यायालय का संदेश यह है कि फिजूल के तमाशे-दिखावे से बचते हुए विवाह के मूल अर्थ को समझना चाहिए। हिंदू विवाह को लेकर अब ज्यादा स्पष्टता की जरूरत है और विशेषतः हिन्दू संस्कारों एवं संस्कृति को बल देने की भी। क्योंकि भारत में परिवार संस्था कायम है तो इसका कारण हिन्दू संस्कार एवं परम्पराएं ही हैं। इस तरह कोर्ट ने अपने फैसले में हिंदू विवाह अधिनियम 1955 के तहत हिंदू विवाह की कानूनी आवश्यकताओं और पवित्रता को स्पष्ट किया है।

हिन्दू विवाह एक आदर्श परम्परा एवं संस्कार है। हिंदू धर्म में विवाह को सोलह संस्कारों में से एक संस्कार माना गया है। विवाह = वि $ वाह, अतः इसका शाब्दिक अर्थ है - विशेष रूप से उत्तरदायित्व का वहन करना। पाणिग्रहण संस्कार को सामान्य रूप से हिंदू विवाह के नाम से जाना जाता है। अन्य धर्मों में विवाह पति और पत्नी के बीच एक प्रकार का करार होता है जिसे विशेष परिस्थितियों में तोड़ा भी जा सकता है परंतु हिंदू विवाह पति और पत्नी क बीच जन्म-जन्मांतरों का सम्बंध होता है जिसे किसी भी परिस्थिति में नहीं तोड़ा जा सकता। अग्नि के सात फेरे लेकर और ध्रुव तारा को साक्षी मान कर दो तन, मन तथा आत्मा एक पवित्र बंधन में बंध जाते हैं। यह दो परिवारों का भी मिलन है। हिंदू विवाह में पति और पत्नी के बीच शारीरिक संम्बंध से अधिक आत्मिक संम्बंध होता है और इस सम्बंध को अत्यंत पवित्र माना गया है।

हिन्दू विवाह का न केवल पारिवारिक, सामाजिक एवं सांस्कृतिक महत्व है, बल्कि उसका गहन आध्यात्मिक महत्व भी है। हिंदू धर्म ने चार पुरुषार्थ (जीवन की चार बुनियादी खोज), यानी धर्म, अर्थ, काम और मोक्ष निर्धारित किया है। विवाह संस्कार का उद्देश्य ह्यकामह्ल के पुरुषार्थ को पूरा करना और फिर धीरे-धीरे ह्यमोक्षह्ल की ओर बढ़ना है। एक पुरुष और महिला के जीवन में कई महत्वपूर्ण चीजें शादी से जुड़ी होती हैं; उदाहरण के लिए, पुरुष और महिला के बीच प्यार, उनका रिश्ता, संतान, उनके माता-पिता, उनके जीवन में विभिन्न सुखद घटनाएं, सामाजिक स्थिति और समृद्धि। हिंदू समाज में एक विवाहित महिला को अत्यंत सम्मान की दृष्टि से देखा जाता है। उसके माथे पर कुमकुम-सिन्दूर के साथ एक महिला की दृष्टि, उसके गले में एक मंगलसूत्र पहने हुए, हरी चूड़ियाँ, पैर के अंगूठे के छल्ले और छह या नौ-यार्ड साड़ी स्वचालित रूप से एक पर्यवेक्षक के मन में उसके लिए सम्मान उत्पन्न करता है। हिंदू विवाह के सात वचनों में से, कम से कम तीन ऐसे हैं, जहां जोडे अपने बुजुर्गों की देखभाल करने का वादा करते हैं। पांचवां वचन अपनी संतान पैदा करने और उसकी देखभाल करने का है।

हाल के वर्षों में, भारत में हिन्दू विवाह परम्परा एवं संस्कृति से अनेक विसंगतियां एवं विकृतियां जुड़ गयी है, डेटिंग संस्कृति की शुरूआत के साथ, लव-मेरिज का प्रचलन बढ़ा है। संभावित दूल्हा और दुल्हन अपने दम पर जीवनसाथी चुनना पसंद करते हैं। आज के रोमांटिक-रिश्ते वास्तव में विवाह नहीं हैं, बल्कि एक नई प्रथा है, जिसके विपरीत प्रभाव से परिवार-संस्था बिखरने लगी है। विवाह के साथ प्रीवेडिंग का प्रचलन भी अनेक विकृतियों का वाहक बना है, बड़े-बडे.भव्य आयोजन एवं होटल संस्कृति ने भी विवाह की पवित्रता को धुंधलाया है। आयोजनों में शराब एवं अन्य नशों का बड़ा प्रचलन भी दुर्घटनाओं का कारण बना है। जिनके कारण विवाह होने से पहले ही उसमें दरारें पड़ते हुए देखी गयी है।

(लेखक, पत्रकार, स्तंभकार)

संपादकीय

आदर्श संहिता उल्लंघन मामले में पहली कार्रवाई

निर्वाचन आयोग ने प्रधानमंत्री के बांसवाड़ा में दिए भाषण पर भाजपा से जवाब मांगा है। कांग्रेस और वामदलों ने नरेन्द्र मोदी के भाषण को विभाजनकारी और महाहानिकर बताते हुए आयोग से शिकायत की थी। इसी पर संज्ञान लेते हुए आयोग ने नोटिस दिया है। किसी पदेन प्रधानमंत्री के विरु द्ध आदर्श संहिता उल्लंघन मामले में यह पहली कार्रवाई है। आयोग का अपनी याददाश्त के आधार पर ऐसा दावा है। दूसरी तरफ, कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और उनकी पार्टी के नेता राहुल गांधी के विरु द्ध भाजपा की शिकायतों पर जवाब मांगा गया है। ये जवाब 29 अप्रैल तक दिए जाने हैं। इस तरह से आयोग ने निष्पक्षता एवं पारदर्शिता का एक कठिन पड़ाव पार कर लिया है। उसे इसका श्रेय मिलना चाहिए कि उसने संहिता उल्लंघन पर प्रधानमंत्री तक को नहीं बख्शा। यह आरोप भी कमजोर हुआ है कि आयोग विपक्ष और कमजोर दलों के नेता को ही निर्देशित करने में आगे रहता है। पर उसका निर्णायक इम्तिहान दोनों दलों के जवाब पर की जाने वाली कार्रवाई में होगा जो आयोग की शक्ति और क्षेत्र को परिभाषित करने वाला होगा। सार्वजनिक जीवन में गरिमा-मयार्दा और नियम-कायदे का आग्रही तबके ही नहीं, पूरे देश ने देखा-सुना कि बांसवाड़ा में और फिर अलीगढ़ तक में खास समुदाय और धर्म के लोगों के बारे में क्या-क्या न कहा गया। माना कि चुनाव बाद एक प्रधानमंत्री के रूप में आप समुदाय-धर्म के आधार पर भेदभाव नहीं करते पर यही भाव चुनावी सभाओं में भी रहना बुरा नहीं होता। यह सामान्य जन अपेक्षा है कि प्रधानमंत्री को तमाम विभाजनों और दोष-रेखाओं से ऊपर होना चाहिए। तब आयोग को भी रिकार्ड बनाने का मौका नहीं मिलता। चुनाव की घोषणा करते हुए आयोग ने भाषणों में सभ्यता के निर्वाह का अनुरोध दलों से किया था, जिसका पालन किसी ने नहीं किया। विपक्ष में स्थितिजन्य आक्रामकता स्वाभाविक ही होती है। सत्ता अपने व्यवहार से उसको परिमार्जित करती है। खरगे और राहुल सरकार की नीतियों की आलोचना के अधिकार के प्रयोग में सभ्यता भूलते रहे हैं। वे न केवल प्रधानमंत्री को निजी स्तर चोट पहुंचाने वाली भाषा का धड़ल्ले से प्रयोग करते सुने-देखे गए हैं, बल्कि तू-तड़ाक पर भी उतर आए हैं। यह भी रिकार्ड है कि नरेन्द्र मोदी देश के सर्वाधिक आलोच्य प्रधानमंत्री हैं। अगर यही एक परिपक्व लोकतंत्र की भाषा है तो यह वाकई बेहद पीड़ादायक परिदृश्य है।

चिंतन-मनन

संत की उदारता

संत बेनजोई के पास कई बालक शिक्षा ग्रहण करने के लिए आते थे। वह अपने सभी शिष्यों की शिक्षा पूर्ण करने के बाद ही उन्हें वहां से जाने की अनुमति देते थे। वह उद्दंड व शरारती शिष्यों को भी आज्ञाकारी और संस्कारी बनाकर ही दम लेते थे। एक बार उनके आश्रम में बहुत ही शरारती और बदतमीज लड़का आया। एक दिन वह चोरी करते हुए पकड़ा गया। बेनजोई ने उसे चोरी की बुराइयों से अवगत कराया और क्षमा कर दिया, लेकिन वह लड़का इतना बिगड़ैल था कि उस पर बेनजोई की शिक्षा का कोई प्रभाव नहीं पड़ा। उसने दोबारा चोरी की और एक शिष्य को बेवजह पीट दिया। यह शिकायत बेनजोई तक पहुंची तो उन्होंने उसे फिर बुलाकर प्रेम से समझाया और एक बार फिर क्षमा कर दिया। यह देखकर आश्रम के अन्य शिष्य आगबबूला हो गए। शाम की प्रार्थना के समय सभी शिष्य एकजुट होकर बोले, गुरुजी, यह बार-बार चोरी करता रहेगा, हमें पीटता रहेगा और आप उसे क्षमा करते रहेंगे। यह कैसा न्याय है? यदि आप इसे आश्रम से नहीं निकाल सकते तो हम सभी यह आश्रम छोड़कर चले जाते हैं।

इस पर बेनजोई विनम्रता से बोले, मैंने माना कि तुम सब अच्छे हो, संस्कारी हो। कभी किसी कुसंग में न रहने के कारण दुष्कर्मों से दूर हो। यह अबोध किशोर अपने दुर्व्यसनी पिता और भाइयों द्वारा ठुकराया हुआ है। इसे मैं सुधारने, संस्कारित करने के उद्देश्य से यहां लेकर आया हूं। मुझे यह भी मालूम है कि तुम यदि इस आश्रम से चले गए तो अन्य किसी शिक्षक से शिक्षा प्राप्त कर सकते हो, किंतु इस बिगड़ैल लड़के को कौन अपने यहां रखेगा? इसे सुधरने का मौका कैसे मिलेगा? वह किशोर भी यह सब सुन रहा था। उसकी आंखें भर आईं। वह उनसे क्षमा मांगते हुए बोला, गुरुजी, मुझे माफ कर दीजिए। फिर कभी आपको शिकायत का मौका नहीं मिलेगा। उसने अन्य शिष्यों से भी माफी मांगी।

संसद के अंगने में गरीबों का क्या काम



सनत जैन

संसद के अंदर साल दर साल करोड़पति सांसदों की संख्या बढ़ती चली जा रही है। चुनाव खर्च भी चुनाव आयोग बढाता जा रहा है। 2024 के लोकसभा चुनाव में चुनाव आयोग ने अधिकतम खर्च की सीमा 95 लाख तय कर दी है। जिस तरह से लोकसभा और विधानसभा के चुनाव हो रहे हैं। लोकसभा और विधानसभा का चुनाव लड़ना, मध्यम एवं निम्न वर्गीय ईमानदार व्यक्ति के लिये चुनाव लड़ने की बात सपने में भी नहीं सोच सकता है। लोकसभा में 2004 में 156 सांसद करोड़पति और अरबपति थे। 2009 में यह संख्या बढ़कर 315 हो गई है। 2014 में संख्या बढ़कर 443 हो गई। रही सही कसर 2019 के लोकसभा चुनाव में करोड़पतियों और अरबपति सांसदों की संख्या बढ़कर 475 हो गई। 2024 के लोकसभा चुनाव चल रहे हैं। इसमें भी अरबपति और करोड़पति उम्मीदवार बड़ी संख्या में सांसद का चुनाव लड़ रहे हैं। चुनाव आयोग द्वारा खर्च की अधिकतम सीमा प्रत्येक उम्मीदवार के लिए 95 लाख तय की गई है। राजनीतिक दल अपने उम्मीदवार के चुनाव खर्च के लिए अलग से खर्च करते हैं। राजनीतिक दलों द्वारा जिस तरह से पूंजीपतियों को टिकट दी जा रही है। राजनीतिक दलों में सामान्य कार्यकर्ता और नेता हैं, उसे राजनीतिक दलों की टिकट नहीं मिलती है। टिकट लेने के लिये पार्टी फंड में दान करने और स्वयं चुनाव खर्च उठाने वाले उम्मीदवारों को पंजीकृत राष्ट्रीय एवं प्रादेशिक पार्टियों द्वारा टिकट दी जाती है। सांसद और विधानसभा के अंदर मध्य और निम्न वर्ग की आवाज उठाने वाला सांसद अथवा विधायक निर्वाचित होकर सदन में नहीं पहुंच रहे है। कुछ इसी तरीके की स्थिति जिला पंचायत, जनपद पंचायत और पार्षद के चुनाव में भी देखने को मिलने लगी है। पंचायत के चुनाव में भी लाखों और करोड़ों रुपए के खर्च होने की बात सामने आती है। लोकतांत्रिक व्यवस्था में चुनाव लगातार महंगे होते चले जा रहे हैं। चुनाव में जब उम्मीदवार लाखों और करोड़ों रुपए खर्च करते हैं। चुनाव जीतने के बाद फिर वह धंधे तरह खर्च की भरपाई करने के लिए हर संभव कोशिश करते हैं। जिसके कारण जनसेवा भी एक धंधा बन गया है। जिसके फल स्वरुप चुनाव से धीरे-धीरे मध्य और निम्न वर्ग के लोग बाहर होते चले जा रहे हैं। संसद और विधानसभा जहां कानून बनते हैं। वहां केवल करोड़पति और अरबपतियों की संख्या बहुतायत में होने के कारण, निम्न एवं मध्यम वर्ग प्रतिनिधित्व अब सांसद और विधानसभा में करने वाला भी कोई नहीं रहा। पिछले 20 साल में यह स्थिति तेजी के साथ बदली है। पिछले 10 साल में संसद में 204 फीसदी की दर से करोड़पति और अरबपति सांसदों की संख्या बढी है। 2019 के लोकसभा चुनाव की बात करें, तो कुल 21 फीसदी सांसद ऐसे थे जिनकी संपत्ति एक करोड रुपए से कम थी यदि आरक्षण की व्यवस्था लागू नहीं होती, तो इनका भी चुना जाना संभव नहीं होता। राजनीतिक दल एसटी और एससी वर्ग के जो उम्मीदवार खड़ा करते हैं। उनके लिए पार्टी फंड से उन्हें चुनाव लड़ाया जाता है। ऐसी स्थिति में वह पार्टी में बंधक के रूप में रहते हैं। वह अपनी बात मुखर होकर पार्टी के अंदर भी नहीं कह पाते हैं। विधानसभा और लोकसभा में विहिप में बंधे होने के कारण उनकी अपनी अलग से कोई आवाज नहीं होती है। भारतीय लोकतंत्र के लिए यह सबसे बड़ी चिंता का है। 542 सांसदों में से यदि 475 सांसद करोड़पति और अरबपति हैं। शेष 21फीसदी सांसद आरक्षित वर्ग से आते हैं। जिसके कारण लोकसभा और विधानसभा में सभी वर्गों को समान प्रतिनिधित्व नहीं मिल पाता है। वर्तमान स्थिति को देखते हुए यही कहा जा सकता है, लोकतंत्र के अंगने में गरीबों का क्या काम है।

आम चुनाव और मुस्लिम तुष्टीकरण का विकृत खेल

आम चुनाव के मतदान के दो चरण समाप्त हो जाने के बाद सभी राजनीतिक दलों को जनता के मध्य अपनी स्थिति की वास्तविकता का कुछ सीमा तक पता चल गया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में लगातार तीसरी बार सत्ता में आने की सम्भावना वाली भारतीय जनता पार्टी को रोकने के लिए विपक्ष ने एक बार फिर मुस्लिम तुष्टीकरण का विकृत खेल खेलना प्रारम्भ कर दिया है। तथाकथित इंडी गठबंधन में शामिल दलों के नेता लगातार भड़काऊ और नफरत भरी बयानबाजी कर रहे हैं, जिसमें अब वोट जिहाद और तालिबान भी आ गया है। दिल्ली के मंडी हाउस इलाके में पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के साथ आतंकी फंडिंग मामले में सजा काट रहे यासीन मलिक का फोटो लगाया गया है।

पोस्टर में यासीन मलिक की रिहाई के साथ कांग्रेस को वोट देने की अपील की गई है। हालांकि जानकारी मिलते ही दिल्ली पुलिस ने यह पोस्टर हटा दिया। आतंकी यासीन मलिक कुख्यात अलगवावादी है जिससे 2006 में पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह ने मुलाकात की थी। अब मलिक आजीवन कारावास की सजा काट रहा है और अभी उस पर कई और मुकदमे चल रहे हैं। कांग्रेस केरल में प्रतिबंधित पीएफआई जैसे संगठनों का सहयोग ले रही रही है और सनातन विरोधी बयानों पर चुप्पी साधे हुए है।

मुस्लिम तुष्टीकरण का यह खुला खेल कांग्रेस ही नहीं अपितु भारत की सभी वामपंथी और अधिकांश क्षेत्रीय पार्टियां जमकर खेल रही हैं फिर चाहे वो उत्तर प्रदेश हो बिहार हो या पश्चिम बंगाल। विगत 10 वर्ष और अटल जी के कार्यकाल को छोड़ दें तो केंद्र तथा राज्यों में कांग्रेस व उसके गर्भ से निकले दलों व नेताओं ने ही सत्ता पर एकछत्र राज किया। ये सभी धर्मनिरपेक्षता के नाम पर भाजपा को हराने की बात करने वालों तथा कट्टरपंथियों का समर्थन कर मतदान को मजहब के आधार पर प्रभावित किया करते थे। भाजपा द्वारा धर्मनिरपेक्षता की सच्ची रेखा खींचने के बाद इन दलों के नेताओं के सामने अपना राजनीतिक अस्तित्व बचाने का संकट खड़ा हो गया है और ये वोट जिहाद की अपील कर रहे हैं।

उत्तर प्रदेश में अभी तक सपा, बसपा, कांग्रेस सहित विभिन्न दल अतीक अहमद, मुख्तार अंसारी जैसे माफिया को अपने राजनीतिक लाभ के लिए पाला पोसा करते थे अब उनके लिए फातिहा पढ़ रहे हैं और धूर्तता के साथ उन्हें गरीबों का मसीहा बताकर मुसलमानों का वोट मांग रहे हैं । पहले ये माफिया बूथ लूटकर व मतदान के समय बम, गोलियां दागकर वोट जिहाद किया करते थे अब उनके नेता व गुर्गे इनको शहीद बताकर मुस्लिम समाज को भड़का रहे हैं।

उत्तर प्रदेश के फरुर्खाबाद में कायमगंज के अल्पसंख्यक बहुल क्षेत्र में इंडी गठबंधन के प्रत्याशी के समर्थन में पूर्व विदेशमंत्री सलमान खुर्शीद की भतीजी सपा नेता मारिया आलम खां ने वोट जिहाद का नारा देकर समाजवादियों की मुश्किल बढ़ा दी है। मारिया आलम खां ने कहा कि हर महिला और हर पुरुष वोट जिहाद करके संविधान बचाने की इस जंग को लड़ेगा।

प्रदेश में वोट जिहाद शब्द को लेकर राजनीतिक बयानबाजी अब काफी तल्ख हो गई है। सपा-कांग्रेस गठबंधन हो जाने के कारण इस बार सलमान खुर्शीद का परिवार चुनावी मैदान से भले ही दूर हो गया हो किंतु अपने सहयोगी दलों के उम्मीदवारों के लिए चुनाव प्रचार कर रहा है। सलमान खुर्शीद का परिवार कई बार विवादों के घेरे में रहा है। खुर्शीद की पत्नी लुईस खुर्शीद पर दिव्यांगों की सहायता करने के नाम पर घोटाला करने का मुकदमा चल रहा है।

सलमान खुर्शीद बाटला हाउस एनकाउंटर व प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ पर भी विवादित बयानबाजी कर चुके हैं। जब लुईस खुर्शीद को इस बात का आभास हो गया था कि इस बार उनके परिवार को टिकट नहीं मिलने जा रहा तब उन्होंने मीडिया के सामने अपने कार्यकर्ता से कहा था कि अगर कांग्रेस का कोई पदाधिकारी उनसे मिलने आए तो उसे चप्पल से मारें। अब उसी परिवार की भतीजी मारिया एक बार फिर वोट जिहाद की अपील कर रही हैं।

इसी प्रकार उत्तर प्रदेश के संभल से पूर्व सांसद डॉ. शफीकुर्रहमान वर्क के पोते एवं सपा प्रत्याशी जियाउर्रहमान वर्क अपनी नुक्कड़ सभा के वायरल वीडियो में मुख्तार अंसारी, अतीक अहमद और शहाबुद्दीन की मौत को कुबार्नी बता रहा है। वीडियो वायरल हो जाने के बाद वर्क पर मुकदमा दर्ज हो गया है। उसके बाद भी वह नहीं रुका और उसने चुनाव आयोग के अधिकारियों को धमकी देते हुए बयान दिया कि जब वक्त बदलेगा तब बदला लिया जाएगा। बहुजन समाजवादी पार्टी अपनी नैया पार लगाने व जनता के मध्य अपनी उपस्थिति को दर्ज कराने के लिए चुनावी मैदान में अपने युवा कोआर्डिनेटर, पूर्व मुख्यमंत्री मायावती के भतीजे आकाश आनंद के नेतृत्व में रण मे उतरी है और कुछ-कुछ बदली बदली सी नजर आ रही है। पार्टी ने 2022 के उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव में अपनी जमीन को फिर से प्राप्त करने के लिए, सवर्णो को खुश करने के लिए रामनाम का विरोध नहीं किया था किंतु वह अब काफी पीछे छूट चुका है।

बसपा ने इस बार नया नारा दिया है,ह्ल बहुजन हिताय बहुजन सुखाय काह्ल किंतु पार्टी का एक मुश्त मुस्लिम मतों का लालच छूटा नहीं है इसलिए बसपा ने सबसे अधिक मुसलमानों को अपना उम्मीदवार बनाया है। बसपा के युवा नेता आकाश आनंद मुस्लिम तुष्टीकरण के लिए आक्रामक बयानबाजी कर रहे हैं जिसके कारण उनके खिलाफ सीतापुर जिले में केस भी दर्ज हो गया है। सीतापुर की एक जनसभा में आकाश ने अपनी सभी सीमाओं को लांघते हुए उत्तर प्रदेश सरकार की तुलना तालिबान से कर डाली। अतीक, मुख्तार अंसारी व शहाबुद्दीन जैसे माफिया का राजनीतिक लाभ के लिए उपयोग बसपा ने भी समय -समय पर किया है।

(लेखक, स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)

Printed and Published by Fahim Akhtar on behalf of MAA MEDIA VENTURE and Printed at SHIVA SAI PUBLICATION PVT.LTD, Ratu, Kathitand, Near Tender Bagicha, H.P. Petrol Pump P.O.+P.S.- Ratu, Dist.-Ranchi, 835222, Jharkhand And Published at Roshpa Tower, 5th Floor, Main Road, Ranchi, Jharkhand-834001. R.N.I Number - JHABIL/2022/85899, Editor- Fahim Akhtar. Mob - 9431311669, E-mail : thephotonnewsjharkhand@gmail.com

India leveraging AI technology to make gains

ARTIFICIAL intelligence (AI) is proving to be hugely beneficial to the Indian information technology (IT) services sector. The sector is developing tools and systems that it is passing on to clients across the world to enable them to reap the benefits of the rapidly emerging and maturing technology. This is becoming a new and critical line of product offerings that will enable the sector to remain at the forefront of emerging technology, grow fast and continue to be highly profitable.AI simulates the cognitive processes of the human brain, and generative AI (GenAI), on being fed enormous amounts of data, produces on-demand speech, text, images, audios and videos. These are critical for the country, as its technology sector earned substantial revenue of $254 billion in 2023-24, up 3.8 per cent from the previous year. Out of this, exports accounted for $200 billion (nearly 80 per cent); technology exports accounted for 28 per cent of the total exports.

Even as the Indian technology sector is helping its global clients use the newly emerging AI and GenAI to take it forward, it is developing tools and products for its own use, enabling it to cut costs and raise its efficiencies multifold. AI, in fact, has become critical as it is enabling the software sector to remain relevant and go forward technologically.

